RADIANT ACADEMY
(AFFILIATED TO CBSE)
B-180, sector-55, noida Ph: 120-4314312/ 6514636
Mob. : 9350251631/ 9674710772 E-mail: radiantacademynoida@yahoo.com
RADIANT ACADEMY
(J.H.S.) (AFFILIATED TO CBSE)
Sorkha, Sector- 115, noida on Fng Ph: 120- 6495106,
Mob. : 9873314814/ 9674710772 E-mail: radiantacademysorkha@yahoo.com
Let your child Explore the world with us in a Secure Environment!
We are a Co-Educational Medium Senior Secondary School imparting quality education since the last 20 years.
FROM ADMISSION OPEN NURSERY TO CLASS XI Transport Facility Available
FACILITIES AVAILABLE AT SCHOOL : ●Highly Qualified And Trained Faculty well Quipped Labs ●CCTV Controlled Environment ●Activity Based Learning ● Well Equipped Library ●GPS Enable Buses

आज की खबर आज ही
जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी
# चेतना मंच



पेज 7 करण के कारण दिशा बनी अभिनेत्री...

वर्ष : 26 | अंक : 74 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, मंगलवार, 05 मार्च, 2024 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

यूपी पेपर लीक मामला

# भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष को हटाया

## मुख्यमंत्री योगी का सख्त एक्शन, आईपीएस राजीव कृष्ण को सौंपी अध्यक्ष की जिम्मेदारी

**लखनऊ ( एजेंसी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा-2024 लीक मामले में बड़ी कार्रवाई की है। सीएम योगी ने यूपी पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटा दिया गया है। उनकी जगह अब आईपीएस राजीव कृष्ण को भर्ती बोर्ड की जिम्मेदारी दी गई है।

पुलिस भर्ती बोर्ड की अध्यक्ष रेणुका मिश्रा को हटाकर सरकार ने प्रतीक्षा सूची में डाल दिया है। 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्ण को अब भर्ती बोर्ड की अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल गई है। उत्तर प्रदेश में 60,000 से अधिक कांस्टेबल भर्ती पदों के लिए 48 लाख से अधिक उम्मीदवारों ने भाग लिया था। पेपर लीक होने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई थी।

बीते 17 और 18 फरवरी 2024 को प्रदेश भर में हुई उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती की लिखित परीक्षा का पेपर लीक हुआ था, जिसके बाद देशभर में स्टूडेंट्स जमकर हंगामा किया और फिर योगी सरकार द्वारा परीक्षा कैंसिल कर 6 महीने में दोबारा परीक्षा करने के आदेश दिए गए। पेपर लीक की इस घटना पर एसटीएफ अभी भी जांच कर रही है। ऑफलाइन हुई इस परीक्षा में 2 दिन में 48 लाख से अधिक नौजवानों ने परीक्षा दी थी।

यूपी के सभी 75 जिलों में 17 व 18 फरवरी को आयोजित की गई सिपाही भर्ती की लिखित परीक्षा में पेपर लीक को लेकर यूपी एसटीएफ ने बीती दो मार्च को दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ को इनके पास से प्रवेश पत्र व अन्य अहम दस्तावेज बरामद हुए हैं। मामले में विभूतिखण्ड थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। गिरफ्तार किए गए अरोपियों में प्रयागराज का अजय सिंह और सोनू सिंह यादव शामिल हैं।

परीक्षा का आयोजन दो पालियों में किया गया था। पेपर लीक के बाद परीक्षा को रद्द कर दिया गया था और छह महीने के अंदर दोबारा परीक्षा कराने का एलान किया गया था। वहीं एक मार्च को एसटीएफ ने लोनी के पुश्ता पुलिस चौकी के पास से एक और आरोपी कपिल तोमर निवासी ग्राम बेगमाबाद गढ़ी बागपत को गिरफ्तार किया था। (शेष पृष्ठ-3 पर)





### आईपीएस राजीव कृष्ण के कंधों पर जिम्मेदारी



राजीव कृष्ण वर्ष 1991 बैच के आइपीएस अधिकारी हैं। वह आगरा में वर्ष 2004 में बतौर एसएसपी तैनात रहे हैं। यहां रहते हुए उन्होंने अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया था। बीहड़ में सक्रिय अपहरण करने वाले गिरोहों पर उन्होंने प्रभावी कार्रवाई की थी। राजीव कृष्णा गौतमबुद्धनगर में भी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के पद पर तैनात रह चुके हैं। इसके अलावा प्रदेश के कई जिलों में उनकी तैनाती हो चुकी है।

### व्हाट्सएप पर भेजे थे जवाब

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती के लिए 18 फरवरी को आयोजित परीक्षा के दौरान कृष्णानगर स्थित एक स्कूल में परीक्षार्थी सत्य अमन कुमार के पास मिली सवालों के जवाब की पर्ची से पेपर लीक होने की आशंका जताई थी। एफआईआर दर्ज कराने वाले इंस्पेक्टर ने भी तहरीर में सुनियोजित तरीके से पेपर लीक होने की बात लिखी। वहीं, परीक्षार्थी को सवालों के जवाब व्हाट्सएप पर भेजने वाले आरोपी नीरज को अब तक पुलिस नहीं पकड़ा है। आरोपी नीरज को प्रश्नों की जानकारी कहां से मिले, यह अहम सवाल अभी तक अनसुलझा है।

### लाखों युवाओं के सपने तोड़े : राहुल गांधी



"उत्तर प्रदेश में पेपर लीक मामले पर कांग्रेस के सांसद राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक युवाओं के लिए अभिशाप है। सात साल में 70 बार से अधिक पेपर लीक हुआ है। पेपर लीक होने से लाखों युवाओं का सपना टूटा है। राहुल ने कहा कि इस मामले में हर स्तर पर जवाबदेही की जरूरत है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस जल्द ही भर्ती प्रक्रिया पर अपना विजन लाएगी।

## आज शाम होगा योगी मंत्रिमंडल का विस्तार



**लखनऊ ( एजेंसी )।** लोकसभा चुनाव 2024 की तिथियों की घोषणा से पहले उत्तर प्रदेश से बड़ी खबर आ रही है। आज लम्बे इंतजार के बाद योगी कैबिनेट के विस्तार किया जाएगा। इस विस्तार में 4 नए मंत्री शपथ ले सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह शाम 5.00 बजे होगा। मंगलवार को योगी कैबिनेट की बैठक भी हो रही है। जिसमें शपथ ग्रहण समारोह पर चर्चा की गयी है।

लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर में आज कैबिनेट विस्तार किया जाएगा। इस कवायद में बीजेपी के सहयोगी दलों के विधायकों को भी कैबिनेट में जगह मिल सकती है। हाल ही में NDA में शामिल हुई जयंत चौधरी की पार्टी राष्ट्रीय लोकदल (RLD) भी इस मंत्री मंडल विस्तार में जगह बना सकती है। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज शाम को लखनऊ लौट रही हैं, जिसके बाद राजभवन में शाम 5 बजे शपथग्रहण समारोह का आयोजन किया जा सकता है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## मॉल में डोर गिरने के बाद मदद को नहीं आए गार्ड

**पीड़ित परिवार ने साइबर्थम मॉल मैंनेजमेंट के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर**

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर 137 स्थित भूटानी साइबर्थम मॉल में स्लाइडिंग डोर गिरने से घायल हुई महिला के मामले में परिजनों ने थाना 142 में मुकदमा दर्ज कराया है। परिजनों ने मॉल के मैनेजमेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

गुलशन इकेबना सोसायटी निवासी मनीष शर्मा ने बताया कि वह अपने परिवार के सदस्यों के साथ सेक्टर 137 स्थित भूतनी साइबर थम मॉल में गए थे वापस आते समय माल का स्लाइडिंग दरवाजा अचानक उनकी साली नेहा कात्याल के ऊपर गिर गया। इस दौरान उनका 5 साल का बेटा इस घटना में बाल बाल बच गया। दरवाजा गिरने के कारण नेहा कात्याल के पैर में फ्रैक्चर हो गया। हादसे के बाद उन्होंने मौजूद गार्डों से मदद मांगी लेकिन कोई भी मदद के लिए आगे नहीं आया। आसपास के लोगों की मदद से उन्होंने स्लाइडिंग डोर (शेष पृष्ठ-4 पर)



## परिचित को घर पर रख गंवाये जेवरात

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सर्फाबाद गांव में किराए पर रहने वाले एक व्यक्ति को अपने परिचित को घर पर रखना खासा महंगा पड़ा। मकान मालिक की गैर मौजूदगी में परिचित उसके कमरे से लाखों रुपए के जेवरात चोरी कर ले गया। पीड़ित ने अपने परिचित के खिलाफ थाना सेक्टर-113 में मुकदमा दर्ज कराया है। सर्फाबाद गांव में रहने वाले नरेश कुमार पांडे ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि बीते 16 फरवरी को ग्राम हरिहरपुर जनपद जौनपुर निवासी सोनू चौबे उसके पास काम की तलाश में आया था। उसने सोनू चौबे को अपने कमरे पर ठहरा लिया। अगली सुबह वह अपने काम पर चला गया। शाम को जब वापस लौटा तो उसे सोनू गायब मिला तथा कमरे से मंगलसूत्र, अंगूठी, कानों के झुमके, नाक की नथनी, पायल, कमरबंद आदि गायब थे। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामला दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## सड़क पार कर रहे बच्चे को तेज रफ्तार गाड़ी ने कुचला

### सड़क हादसों में महिला सहित दो की मौत

**नोएडा ( चेतना मंच )।** सड़क पर मौत बनकर दौड़ रहे बेलगाम वाहनों की चपेट में आने से 7 साल के बच्चे सहित तीन लोगों की मौत हो गई। हादसों के बाद आरोपी वाहन चालक मौके से फरार होने में सफल रहे।

मूलरूप से ग्राम चुहड़पुर निवासी सुरेश अपने परिवार के साथ हाल में थाना सूरजपुर क्षेत्र के सेक्टर ईटा-1 में रह रहा है। सोमवार की सुबह उसका (7 वर्षीय) बेटा मन्नू सड़क पार कर रहा था। इस दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से मन्नू ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची थाना सूरजपुर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। इसी थाना क्षेत्र के कस्बे में पैदल जा रही महिला को ई-रिक्शा चालक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से महिला बानो गंभीर रूप से घायल हो गई। गंभीर स्थिति में उसे उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया।

वहीं थाना सेक्टर-142 क्षेत्र के नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे पर अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना सोमवार तड़के घटित हुई।

हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी विनीत राणा ने बताया कि मृतक की शिनाख्त अमरदीप श्रीवास्तव निवासी बिहार के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है।

## ट्रेन से गिरकर रेलकर्मी की मौत

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना दादरी क्षेत्र के दादरी रेलवे स्टेशन के पास चलती ट्रेन से गिरने से एक रेलकर्मी की मौत हो गई। पुलिस मौत के कारणों की जांच कर रही है।

थाना प्रभारी सुजीत उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि दादरी रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति लहुलूहान पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंचे पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचा है जहां चिकित्सकों से मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से मिले कागजातों के आधार पर उसकी पहचान अलवर राजस्थान निवासी मानसिंह पुत्र छोटे लाल के रूप में हुई। मानसिंह रेल विभाग में कार्यरत है और हाल में उसकी पोस्टिंग दिल्ली में थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है।

## ओवरलोडिंग वाहनों व अवैध खनन रोकेगी कमेटी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ओवरलोडिंग वाहनों तथा अवैध खनन पर षिकंजा कसने के लिए जिलाधिकारी मनीश वर्मा ने 7 सदस्यीय कमेटी गठित की है। इस कमेटी में संबंधित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी को अध्यक्ष, सहायक पुलिस उपायुक्त को सदस्य, एआरटीओ (प्रवर्तन) को सदस्य व सचिव, क्षेत्रीय वन अधिकारी को सदस्य, सिंचाई व बाढ़ विभाग के अधिषासी अभियंता को सदस्य, जिला खनन अधिकारी को सदस्य व सहसचिव तथा यात्री/मालकर अधिकारी को सदस्य बनाया गया है।

अपर जिलाधिकारी (प्रषासन) डा. नितिन मदान ने बताया कि इस टीम का गठन षासन के आदेष तथा जिलाधिकारी के आदेष पर किया गया है। ताकि जनपद में अवैध खनन तथा ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की जा सके।

उधर अवैध खनन तथा ओवरलोड वाहनों पर कड़ी कार्यवाही की गई है। षासन ने 29 फरवरी को सभी जनपदों में ओवरलोडिंग वाहनों तथा अवैध खनन पर कड़ी कार्यवाही के निर्देष दिये थे। अब तक 1-4 मार्च तक 57 वाहनों का चालान किया गया जिनसे 23 लाख रूपये का प्रषासन षुल्क भी ठोंका गया। जेवर टोल प्लाजा व लोहारली टोल प्लाजा पर गुजरने वाले ओवरलोड वाहनों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है।

## कमरे से गनमैन की रायफल चोरी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** हरौला गांव में किराए पर रहने वाले एक गनमैन की लाइसेंसी रायफल चोरी हो गई। चोर रायफल के साथ-साथ कमरे से 3200 रूपये तथा मोबाइल फोन भी चोरी कर ले गए। घटना के समय गनमैन व उसका दामाद कमरे में सोए हुए थे और दरवाजा खुला हुआ था। पीड़ित ने थाना फेस वन में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से ग्राम डिगरी जनपद कन्नौज निवासी श्याम सिंह ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह पिछले तीन सालों से अपने दामाद शिवम के साथ सेक्टर पांच हरौला में धर्मवीर जाटव के मकान में किराए पर रह रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

## ससुरालियों ने मायके पक्ष को जमकर धुना

**नोएडा ( चेतना मंच )।** पारिवारिक समझौते के लिए बुलाई गई बैठक में ससुराल पक्ष के लोगों ने मायके पक्ष के लोगों को पीट दिया। मारपीट के बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। इस संबंध में युवक ने अपने दो बहनोई व उनके पिता के खिलाफ थाना एक्सप्रेसवे में मुकदमा दर्ज कराया है।

ग्राम नयागांव निवासी जोगेंद्र भाटी ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि उसकी दोनों बहनों की शादी झट्टा बादौली गांव निवासी वीर सिंह के पुत्र कुलविंदर उर्फ राहुल व प्रिंस के साथ वर्ष 2016 में हुई थी। शादी के कुछ समय बाद ही राहुल व प्रिंस उसकी बहनों के साथ आए दिन मारपीट करने लगे। मारपीट के चलते पिछले 6 माह से उसकी दोनों बहने मायके में रह रही हैं। जोगेंद्र भाटी के मुताबिक 4 मार्च को समझौते के लिए छपरौली गांव निवासी अशोक लोहिया के आवास पर दोनों परिवार के लोगों की बैठक हुई। बैठक के दौरान परिवार के लोगों ने जबवीर सिंह को समझाने का प्रयास किया तो वह गाली-गलौज करने लगे। इस बात का विरोध करने पर प्रिंस व राहुल ने उसके छोटे भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। आस पड़ोस के लोगों ने किसी तरह बीच बचाव कराया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। (शेष पृष्ठ-3 पर)



## मनोज चौधरी बने रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राष्ट्रीय लोकदल के कर्मठ व सक्रिय नेता मनोज चौधरी को राश्ट्रीय लोकदल का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। वे अब राश्ट्रीय चैनलों तथा प्रिंट मीडिया में पार्टी का पक्ष रखेंगे। उनको यह पद मिलने से नोएडा क्षेत्र तथा पार्टी में खुषी का माहौल है तथा कार्यकर्ताओं ने इसके लिए रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार जताया है।

मालूम हो कि नोएडा के सेक्टर-5 स्थित हरौला के निवासी मनोज इसके पूर्व पार्टी के युवा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव थे। राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी से उनके काफी प्रगाढ़ संबंध हैं तथा पार्टी के विकास के लिए वे हमेषा तत्पर रहते हैं।

बता दें कि रालोद ने देष भर में 6 राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किए हैं। जिसमें मनोज चौधरी को भी स्थान दिया गया है। इससे पार्टी के युवा कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह तथा जोष व्याप्त है।



## अब अधूरे एलीवेटिड निर्माण को लगेंगे पंख!

### नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 10-11 को, वित्तीय बजट को मिलेगी हरी झंडी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक के बाद डीएससी रोड पर लंबित चल रहे एलीवेटिड रोड के निर्माण को पंख लगेंगे। दरअसल पीएम गति शक्ति के तहत नोएडा प्राधिकरण को 300 करोड़ रूपये मिलेंगे। इस राशि से एलीवेटिड रोड के निर्माण में 150 करोड़ रूपये का खर्च होगा। वहीं एक्सप्रेसवे पर प्रस्तावित दो अंडरपास के लिए 50-50 करोड तथा सेफ सिटी प्रोजेक्ट के मद में 50 करोड़ रूपये खर्च होंगे।

बता दें कि नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 10-12 मार्च तक होगी। जिसमें 7 हजार करोड़ के बजट को हरी झंडी दे दी जाएगी। विगत वर्ष 2023-24 में 6920 करोड़ का बजट पास किया गया था। वहीं 2022-23 में 4880.62 करोड़ का बजट था।



प्राधिकरण अधिकारी ने बताया कि इस बार सिविल यानी विकास कार्य पर करीब 1000 करोड़, उद्यान पर 100 करोड़ , इलेक्ट्रिकल एंड मैनटेनेंस पर 300 करोड़ जल पर 150 करोड़ रुपए का बजट तय किया जा रहा है। (शेष पृष्ठ-3 पर)

सत्र 2024-2025 के लिए एडमिशन प्रक्रिया शुरू
स्कूल कोड 09100110910
सरस्वती ग्लोबल स्कूल
सेक्टर 22 नोएडा
फ़ोन .08750611103

समाजवादी पार्टी
कुंवर नादिर शाह
को मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर
पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का
शत्-शत् आभार
कुंवर नादिर शाह (हल्दौनी)
नवनियुक्त जिलाध्यक्ष
मुलायम सिंह यादव यूथ बिग्रेड, गौतमबुद्ध नगर

## परिवर्तन व नयापन

भाजपा ने लोकसभा चुनाव के लिए 195 उम्मीदवारों की जो पहली सूची जारी की है, उसमें निरंतरता के साथ-साथ परिवर्तन और नयापन भी है। सामाजिक न्याय का भी संदेश दिया गया है, क्योंकि ओबीसी के 57 उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। अनुसूचित जाति के 27 और जनजाति के 18 नामों को भी स्थान दिया गया है, हालांकि उनकी निश्चित सीटें आरक्षित होती हैं। भाजपा ने अपने बुनियादी जनाधार सामान्य वर्ग की अनदेखी भी नहीं की है, क्योंकि सूची में उसके 93 चेहरों को शामिल किया गया है। 28 महिला उम्मीदवार भी तय किए गए हैं, हालांकि उनका 14 फीसदी प्रतिनिधित्व कम है। संभव है कि अगली सूचियों में यह संख्या बढ़ाई जाए! भाजपा की सूची में सामाजिक न्याय और सामाजिक इंजीनियरिंग की ऐसी झलक है, जो विपक्ष के जातीय गणना के मुद्दे का करारा जवाब है। प्रधानमंत्री मोदी की सिर्फ चार जातियों-गरीब, महिला, युवा, किसान-पर भी खासा फोकस रहा है। सूची में 47 उम्मीदवार ऐसे हैं, जिनकी उम्र 50 साल से कम है, लिहाजा भाजपा की अगली पीढ़ी तैयार करने की भी रणनीति है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन 195 में से भाजपा ने 155 सीटें जीती थीं। ये अधिकतर विजयी चेहरे और भाजपा की जीत के सूत्रधार माने गए हैं, लिहाजा चुनावों की अधिकृत घोषणा से पहले ही इन नामों का ऐलान किया गया है, ताकि संभावित जीत में कोई भी गुंजाइश न रहे। किसी भी राष्ट्रीय दल ने अभी तक इतने उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। इनमें 53 सीटें ऐसी हैं, जहां 2019 में भाजपा 2.50 लाख से 6.89 लाख वोट के अंतर से जीती थी। भाजपा का लक्ष्य अधिकतम सीटें जीतने का है। सूची में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का भी नाम है, जो अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में भी मंत्री थे। उन्हें भाजपा का राष्ट्रीय नेता माना जाता है, क्योंकि वह लगातार संसद में रहे हैं। मोदी सरकार में भी वह लगातार लोकसभा सांसद चुने गए। एक बार फिर वह लखनऊ सीट से चुनाव मैदान में उतारे गए हैं। उनके साथ-साथ सूची में दिवंगत नेता सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज का नाम भी है, जिन्हें नई दिल्ली लोकसभा सीट के लिए, पहली बार, उम्मीदवार तय किया गया है। यही निरंतरता के साथ नयापन भी है। दिल्ली में केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी, पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. हर्षवर्धन समेत पुराने चेहरों को बदल दिया गया है। सिर्फ मनोज तिवारी को उनकी सीट पर बरकरार रखा गया है। प्रख्यात क्रिकेटर गौतम गंभीर ने सक्रिय राजनीति से मुक्त किए जाने का आग्रह भाजपा अध्यक्ष नड्डा से किया है। बहरहाल सबसे बड़े राज्य उप्र में फिलहाल 51 उम्मीदवार घोषित किए गए हैं। लगभग सभी को दोबारा अवसर दिया गया है, लेकिन अयोध्या, रायबरेली, वरुण गांधी की पीलीभीत, मेनका गांधी की सुल्तानपुर सरीखी अति महत्वपूर्ण और संवेदनशील सीटों पर प्रत्याशियों के चयन अभी किए जाने हैं। सूत्रों के मुताबिक, शायद वरुण गांधी को इस बार टिकट न दिया जाए! भाजपा ने चार पूर्व मुख्यमंत्रियों-शिवराज सिंह चौहान, अर्जुन मुंडा, बिप्लव कुमार देव, सर्वानंद सोनोवाल-को भी लोकसभा चुनाव की रेस में शामिल किया है। वैसे शिवराज 18 साल से अधिक समय तक मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। उससे पहले वह लोकसभा में विदिशा का ही प्रतिनिधित्व करते थे। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते हुए सुषमा स्वराज को भी विदिशा से जितवाया था। भाजपा ने तीन मंत्रियों समेत 34 सांसदों के टिकट काटे हैं, लेकिन 34 मंत्रियों पर दांव भी लगाया है। मनसुख मांडविया, राजीव चंद्रशेखर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, भूपेंद्र यादव, सोनोवाल, वी. मुरलीधरन, पुरुषोत्तम रुपाला आदि केंद्रीय मंत्री राज्यसभा सांसद हैं, लेकिन अब वे लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। गौरतलब यह है कि पैरालंपिक चैम्पियन भाला खिलाड़ी देवेंद्र झाझडिया को भी राजस्थान की एक सीट पर उम्मीदवार बनाया गया है। भाजपा ने इस बार केरल से 12 उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, जिनमें अब्दुल सलाम अभी तक इकलौते मुस्लिम चेहरा हैं। हालांकि 2019 में 6 मुस्लिम प्रत्याशी उतारे थे। भाजपा ने कांग्रेस के दिग्गज नेता ए.के.एंटनी के बेटे अनिल को भी टिकट दिया है। अभी महाराष्ट्र, बिहार समेत करीब 20 राज्यों के नाम भी घोषित किए जाने हैं। भाजपा का लक्ष्य 370 सीटों का है।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि अवध का प्रभाव जीव तभी जानता है, जब हाथ में धनुष धारण करने वाले श्री रामजी उसके हृदय में निवास करते हैं। हे गरुड़जी! वह कलिकाल बड़ा कठिन था। उसमें सभी नर-नारी पापपरायण (पापों में लिप्त) थे॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**दो0-कलिमल ग्रसे धर्म सब लुप्त भए सदग्रंथ।**
**दंभिन्ह निज मति कल्पि करि प्रगट किए बहु पंथ॥**

कलियुग के पापों ने सब धर्मों को ग्रस लिया, सद्ग्रंथ लुप्त हो गए, दम्भियों ने अपनी बुद्धि से कल्पना कर-करके बहुत से पंथ प्रकट कर दिए॥

**भए लोग सब मोहबस लोभ ग्रसे सुभ कर्म।**
**सुनु हरिजान ग्यान निधि कहउँ कछुक कलिधर्म॥**

सभी लोग मोह के वश हो गए, शुभ कर्मों को लोभ ने हड़प लिया। हे ज्ञान के भंडार! हे श्री हरि के वाहन! सुनिए, अब मैं कलि के कुछ धर्म कहता हूँ॥

**बरन धर्म नहिं आश्रम चारी। श्रुति बिरोध रत सब नर नारी।**
**द्विज श्रुति बेचक भूप प्रजासन। कोउ नहिं मान निगम अनुसासन॥**

कलियुग में न वर्णधर्म रहता है, न चारों आश्रम रहते हैं। सब पुरुष-स्त्री वेद के विरोध में लगे रहते हैं। ब्राह्मण वेदों के बेचने वाले और राजा प्रजा को खा डालने वाले होते हैं। वेद की आज्ञा कोई नहीं मानता॥

**मारग सोइ जा कहुँ जोइ भावा। पंडित सोइ जो गाल बजावा॥**
**मिथ्यारंभ दंभ रत जोई। ता कहुँ संत कहइ सब कोई॥**

जिसको जो अच्छा लग जाए, वही मार्ग है। जो डींग मारता है, वही पंडित है। जो मिथ्या आरंभ करता (आडंबर रचता) है और जो दंभ में रत है, उसी को सब कोई संत कहते हैं॥

**सोइ सयान जो परधन हारी। जो कर दंभ सो बड़ आचारी॥**
**जो कह झूँठ मसखरी जाना। कलिजुग सोइ गुनवंत बखाना॥**

जो (जिस किसी प्रकार से) दूसरे का धन हरण कर ले, वही बुद्धिमान है। जो दंभ करता है, वही बड़ा आचारी है। जो झूठ बोलता है और हँसी-दिल्लगी करना जानता है, कलियुग में वही गुणवान कहा जाता है॥

क्रमशः

# क्या मायावती खुद ही अपनी पार्टी को धीरे-धीरे खत्म करने पर तुली हैं?



बहुजन समाज पार्टी की सुप्रीमो मायावती ने अपनी कुछ राजनैतिक जिम्मेदारियां अपने भतीजे और बसपा के राष्ट्रीय को-ऑडिनेटर आकाश आनंद को सौंप कर क्या संदेश दिया है, कोई नहीं जानता। मायावती ने अपने आप को उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड तक समेट कर बाकी राज्यों की जिम्मेदारी आनंद को दे दी है। मायावती के इस फैसले पर नेतागण अपने हिसाब से प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ को लगता है कि मायावती ने काफी सोच समझकर बसपा में अपने आप को सीमित किया है। संभवतः वह नहीं चाहती होंगी कि देश जीतने के चक्कर में कहीं उनका मजबूत किला यूपी और उत्तराखंड हाथ से नहीं निकल जाये। जहां उनके लिये हमेशा संभावनाएं बनी रहती हैं। कहा यह जा रहा है कि बहनजी चुनाव की तारीख घोषित होते ही यूपी में अपनी जनसभाएं शुरू कर देंगी। पहले वह मंडलवार सभाएं करेंगी। बीएसपी के लिये मजबूत समझी जाने वाली सीटों पर विशेष तौर पर फोकस रहेगा। मजबूत समझी जाने वाली सीटों के लिये वह जनसभाएं भी ज्यादा करेंगी।

चुनाव की बेला में मायावती ने जो कदम उठाया है उससे बसपा को कितना नफा-नुकसान होगा यह तो समय ही बतायेगा, लेकिन इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता है कि बसपा सुप्रीमो ने जो भी फैसला लिया है, वह काफी सोच समझकर लिया होगा। मायावती एक परिपक्व नेत्री हैं। उन्होंने बसपा को इस बुलंदी तक पहुंचाने में पूरा योगदान दिया था। दलित चिंतक स्वर्गीय कांशीराम की राजनैतिक विरासत को आगे बढ़ाने वाली मायावती की पहचान एक बड़ी नेत्री के रूप में होती है। मायावती पर दलित पूरा विश्वास करते हैं। दलित वोटरों ने कभी भी बहनजी का साथ नहीं छोड़ा जबकि मायावती अपनी सियासी जरूरतों को पूरा करने के लिए अक्सर गैर दलित वोटरों को भी बसपा में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देती रहीं। बसपा की सियासी प्रयोगशाला से मायावती ने कभी दलित-मुस्लिमों को एक छतरी के नीचे खड़ा किया तो कभी सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय की राजनीति को अमली जामा पहनाया। मायावती ने दलित नेताओं की बड़ी लीडरशिप तैयार की तो कई क्षत्रिय, ब्राह्मण, पिछड़ों और मुस्लिम चेहरों को भी राजनीति में उभरने का पूरा मौका दिया, लेकिन इसका दूसरा पहलू यह भी रहा कि बसपा सुप्रीमो ने भले ही नये नेताओं की 'फौज' तैयार की थी, लेकिन यह नेता मायावती के साथ लम्बे समय तक रह नहीं पाये। इसमें से ज्यादातर को बहनजी ने स्वयं पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया था तो कुछ ने मौके की नजाकत को भांप कर स्वयं पार्टी छोड़ने में देरी नहीं की। वैसे यह यह बताना भी गलत नहीं होगा कि मान्यवर कांशीराम ने सिर्फ मायावती को ही आगे नहीं बढ़ाया था। अलग-अलग समाज के लोगों को चुनकर उन्हें नेता बनाया था। ओमप्रकाश राजभर, सोनेलाल पटेल, आरके चौधरी और मसूद अहमद ऐसे ही नेताओं में शामिल रहे हैं लेकिन सभी बिछड़ते गए। राजभर ने 2002 में, दिवंगत सोनेलाल पटेल ने 1995 में और आरके चौधरी ने 2016 में बसपा छोड़ दी थी। आरके चौधरी तो राजनीति में कोई जगह हासिल नहीं कर पाए लेकिन ओमप्रकाश राजभर और सोने लाल पटेल की पार्टी आज भी अच्छी खासी राजनीतिक ताकत रखती हैं।

बसपा को जमीन से उठाकर आसमान तक ले जाने वाली मायावती की राजनीति पिछले दस वर्षों से काफी उतार पर नजर आ रही है। 2007 के विधानसभा चुनाव में वह अंतिम बार बड़े अंतर से सपा से जीती थीं। आज की तारीख में बसपा सुप्रीमो मायावती पार्टी के कई दिग्गजों को बाहर का रास्ता दिखा चुकी हैं। इनमें कई ऐसे भी नाम हैं, जिन्हें एक समय मायावती का सबसे करीबी नेता माना जाता था। इनमें लालजी वर्मा न सिर्फ विधानमंडल दल के नेता थे बल्कि वर्मा वह नेता हैं, जिनके प्रदेश अध्यक्ष रहते 2007 में बसपा की पूर्ण बहुमत की सरकार यूपी में बनी थी। राम अचल राजभर भी मायावती के खासम खास माने जाते रहे हैं। 13 सालों में बसपा 206 विधायकों से महज एक विधायक पर आ टिकी है। बसपा के जिन नेताओं को प्रदेश स्तर पर पहचान हासिल हुई थी वह एक-एक करके बसपा से अलग हो गए हैं। 2007 में जब प्रदेश में बसपा की बहुमत की सरकार बनी थी तब मायावती ने जितने विधायकों को कैबिनेट मंत्री बनाया था, उनमें से आज एक्का-दुक्का ही बसपा के साथ खड़े हैं। 2007 में 206 सीटों के साथ पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने वाली मायावती ने नकुल दुबे, नसीमुद्दीन सिद्दीकी, लालजी वर्मा, रामवीर उपाध्याय, ठाकुर जयवीर सिंह, सुधीर गोयल, स्वामी प्रसाद मौर्य, वेदराम भाटी, चौधरी लक्ष्मी नारायण, राकेश धर त्रिपाठी, बाबू सिंह कुशवाहा, फागू चौहान, दद्दू प्रसाद, राम प्रसाद चौधरी, धर्म सिंह सैनी, राम अचल राजभर, सुखदेव राजभर और इंद्रजीत सरोज को बड़े पोर्टफोलियो दिए थे, लेकिन आज इसमें से कोई भी बसपा में नहीं है। सबने अपनी अलग राह पकड़ ली है।

2012 में समाजवादी पार्टी चुनाव जीती और मुलायम ने अपने बेटे अखिलेश को सीएम की कुर्सी पर बैठा दिया। उसके पश्चात 2017 में बीजेपी की सरकार बनी और योगी आदित्यनाथ सीएम की कुर्सी पर विराजमान हुए। 2022 में भी उनको जीत हासिल हुई और एक बार फिर वह सीएम बने। लेकिन मायावती का कहीं से कोई भला नहीं हुआ। 2007 में चुनाव जीतकर सरकार बनाने के बाद से उनकी सत्ता में वापसी भी नहीं हुई है जबकि अपनी ताकत बढ़ाने के लिये मायावती ने 2019 में अपनी धुर विरोधी समाजवादी पार्टी तक से हाथ मिला लिया। परिणाम स्वरूप उनके दस सांसद चुनाव जीते थे, लेकिन अब यह सांसद भी बसपा से दूरी बनाने लगे हैं। लोकसभा चुनाव से पहले बसपा नेता शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली ने समाजवादी पार्टी ज्वाइन कर ली है। उन्होंने कहा, पार्टी बदलना मेरे लिए समय की जरूरत थी। मैं समाजवादी पार्टी का हिस्सा बन गया हूं और अब यह मेरा कर्तव्य है कि पार्टी को मजबूत करूँ और अखिलेश यादव का समर्थन करूँ। मुझे यकीन है कि आगामी लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन अच्छा प्रदर्शन करेगा। हम सेक्युलर लोगों के साथ रहना चाहते हैं। गुड्डू जमाली आजमगढ़ की मुबारकपुर सीट से साल 2012 और 2017 में बीएसपी के विधायक रह चुके हैं। ऐसा माना जाता है कि इस क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ है। उन्होंने 2014 और 2022 का लोकसभा उपचुनाव क्रमशः सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव और धर्मेंद्र यादव के खिलाफ बसपा के टिकट पर लड़ा था। इसके अलावा अन्य सांसद रितेश पांडेय ने गत दिनों पार्टी से इस्तीफा देकर बीजेपी में शामिल होने की घोषणा की तो इसको लेकर चर्चा भी छिड़ गई। बड़ी बात यह है कि वह अकेले नहीं हैं। पार्टी के कई सांसदों के बारे में ऐसी खबरें आ रही हैं कि उनकी निष्ठा बदल चुकी है। हालांकि जब तक औपचारिक घोषणा न हो जाए तब तक ऐसी अटकलों को ज्यादा अहमियत नहीं दी जाती। मगर बीएसपी चीफ मायावती ने खुद यह कहकर इन खबरों को कुछ हद तक प्रामाणिकता दे दी है कि अपना हित साधने में लगे ऐसे सांसदों को पार्टी टिकट दे भी तो क्यों?

2019 के लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन में रहकर बीएसपी ने यूपी की 10 सीटें जीती थी। उनमें से 6 सांसद या तो बसपा छोड़ चुके हैं या स्पष्ट संकेत दे चुके हैं कि वह नया विकल्प तलाशेंगे। बीएसपी के दो और सांसदों के जल्द पाला बदलने की अटकलें हैं। इनमें से एक पश्चिमी यूपी के सांसद हैं, जो अब अपना भविष्य जयंत चौधरी के राष्ट्रीय लोक दल में देख रहे हैं। आरएलडी हाल ही में भाजपा के साथ आ चुका है। यूपी की लालगंज सीट से बसपा सांसद संगीता आजाद के भी भाजपा में शामिल होने की चर्चा है। उन्हें उनके पति के साथ बजट सत्र के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दफ्तर के बाहर देखे जाने से इन कयासों को और हवा मिली है। अफजाल अंसारी को सपा ने उम्मीदवार घोषित किया है। समाजवादी पार्टी ने गाजीपुर के बीएसपी सांसद अफजाल अंसारी को उसी सीट से अपनी पार्टी का उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। पिछली बार अंसारी ने जम्मू और कश्मीर के मौजूदा लेफ्टिनेंट गवर्नर मनोज सिन्हा को हराया था।

उधर, बसपा से निकाले जाने के बाद सांसद दानिश अली की कांग्रेस से दोस्ती बढ़ गई है। अमरोहा से सांसद दानिश को मायावती ने टीएमसी की पूर्व सांसद महुआ मोइत्रा के रिश्वत के बदले प्रश्न पूछने के मामले में उनका समर्थन करने के लिए निलंबित कर दिया था। दानिश का लगभग साफ है कि उनके लिए कांग्रेस पार्टी का दरवाजा खुला है। वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में भी शामिल हो चुके हैं। लेकिन अमरोहा में दानिश को टिकट देने को लेकर कलह भी शुरू हो गई है। जौनपुर के बसपा सांसद श्याम सिंह यादव ने भी कांग्रेस की यात्रा में शिरकत करके अपना इरादा साफ कर दिया है। वह मुलायम सिंह यादव के जन्मदिवस से जुड़े कार्यक्रमों में भी भाग ले चुके हैं।

बसपा के लगातार कमजोर होने की वजह है हाल के चुनावों में बीससपी का लचर प्रदर्शन, जिसने पार्टी के भविष्य से जुड़ी चिंताओं को मजबूती दी है। यहां यह भी बताना जरूरी है कि 2019 के लोकसभा चुनाव में दस सीटें जीतने वाली बसपा को 2014 लोकसभा चुनाव में एक भी सीट नहीं मिली थी। 2019 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और राष्ट्रीय लोकदल के साथ गठबंधन में उसने 10 सीटें जीतीं, लेकिन नतीजे आने के ठीक बाद पार्टी ने गठबंधन तोड़ने की घोषणा कर दी। 2022 विधानसभा चुनाव में पार्टी अकेले लड़ी और सिर्फ एक सीट पर जीत हासिल कर पाई। उसका वोट शेयर भी गिरकर 12 फीसदी पर आ गया, जबकि 2014 में एक भी सीट हासिल नहीं करने के बावजूद उसे 19.77 फीसदी वोट मिले थे, परंतु अब मायावती लोकसभा चुनाव अकेले लड़ने की बात कह रही हैं। गिरते जनाधार के बीच माया ने लोकसभा चुनाव के लिये एकला चलो की जैसे ही घोषणा की, बसपा समर्थकों में बेचैनी बढ़ गई। गौर करने की बात है कि बीएसपी हमेशा किसी न किसी गठबंधन के जरिए ही सत्ता तक पहुंची है। एकमात्र अपवाद 2007 के विधानसभा चुनाव रहे जिसमें पार्टी ने बहुजन हिताय की जगह सर्वजन हिताय को चुनावी मंत्र बनाया था। अपने मुख्य समर्थक वर्ग के साथ ही किसी और तबके को साथ लेकर ही वह चुनावी जीत को साध पाती हैं। ऐसे में मौजूदा पॉलिसी पार्टी के बाहर ही नहीं, अंदर भी कई तरह के सवाल और संदेह पैदा कर रही है।

बीएसपी प्रमुख मायावती ने एकला चलो की राह पकड़ी है, यह चिंता की बात नहीं है, लेकिन उनके समर्थकों में चिंता इस बात की है कि बहनजी अब जनसभा करने से कतराने लगी हैं, जबकि यही उनकी ताकत हुआ करती थी। लखनऊ के रमाबाई मैदान को जनसमूह से भरने की ताकत मायावती के अलावा कभी कोई नहीं दिखा पाया। अब मायावती सार्वजनिक रूप से भी काफी कम दिखती हैं। उन्होंने अपनी कई जिम्मेदारियां भी अपने भतीजे आकाश आनंद को सौंप दी हैं। भले ही मायावती ने औपचारिक तौर पर ऐसी घोषणा भले न की हो, परंतु उन्होंने पार्टी में यह साफ कर दिया है कि उनके भतीजे आकाश आनंद ही उनके उत्तराधिकारी होंगे। बहुजन समाज के हितों को समर्पित मानी जाने वाली इस पार्टी के समर्थकों के लिए यह परिवारवादी रुझान एक नई चीज है और कहा जा रहा है कि उनके लिए इसे बचाना आसान नहीं होगा। खैर, किसी नेता या राजनीतिक दल की भूमिका या उसके सफर का भविष्य एकाध फैसलों या कुछ चुनाव परिणामों से नहीं तय किया जा सकता है। आज भी बीएसपी कुछ राज्यों में दलित समूहों के बीच सबसे प्रभावी उपस्थिति रखती है। यही नहीं, अपने लंबे राजनीतिक कॅरियर में मायावती अपने समर्थकों को ही नहीं, विरोधियों को भी चौंकाती रही हैं, लेकिन इस बार वह ऐसा कुछ कर पाती हैं या नहीं, इसका जवाब पाने के लिए लोकसभा चुनाव के नतीजों का इंतजार करना होगा। इस बीच बहुजन समाज पार्टी ने बिहार के बक्सर लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। उन्होंने अनिल कुमार को अपना उम्मीदवार बनाया है। बसपा के राज्यसभा सदस्य रामजी गौतम ने कहा कि बहुजन समाज पार्टी बिहार की 40 सीटों पर पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ने जा रही है और इस बार बिहार में बीएसपी भी अपना ताकत दिखाएगी।

**-अजय कुमार**

# भारत में बढ़े वेतन और रोजगार के मौके

इन दिनों प्रकाशित हो रही वैश्विक आर्थिक और रोजगार रिपोर्टों में यह कहा जा रहा है कि दुनिया इस समय वैश्विक मंदी के बीच रोजगार चुनौतियों का सामना कर रही है। दुनिया की कई विकसित व विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार अवसरों में बड़ी कमी आई है। लेकिन भारत में दुनिया के अन्य देशों की तुलना में वेतन वृद्धि और रोजगार मौके बढने का परिदृश्य दिखाई दे रहा है। 21 फरवरी को दुनिया के प्रसिद्ध ग्लोबल प्रोफेशनल सर्विस फर्म एओन ने अपनी सालाना सर्वे रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2024 में एशिया-प्रशांत के अन्य सभी देशों के मुकाबले सबसे ज्यादा वेतन वृद्धि औसतन 9.5 प्रतिशत भारत में होगी। यह वृद्धि चीन की तुलना में लगभग डेढ़ गुना होगी। इस रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारत में फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशंस, इंजीनियरिंग, ऑटोमोटिव और लाइफ साइंसेज सेक्टर में सबसे ज्यादा वेतन बढ़ेगा। गौरतलब है कि दुनिया की दो बड़ी अर्थव्यवस्थाओं जापान और ब्रिटेन की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर ऋणात्मक हो गई है। जहां जापान की अर्थव्यवस्था मंदी की चपेट में आ चुकी है, वहीं यूरोप की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था जर्मनी संघर्ष कर रही है।

जर्मनी ने हाल ही में जापान को पछाडक़र तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का स्थान हासिल किया है। जर्मनी में महंगाई चरम पर है और विकास में ठहराव आ गया है। अमरीका भी वैश्विक सुस्ती के खतरे में शामिल है। इस समय लाल सागर पर हो रहे हमलों तथा इजरायल और फिलिस्तीन युद्ध ने अमरीकी कंपनियों के कारोबार को घटा दिया है। इस बीच दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश चीन भी तेज आर्थिक वृद्धि के दिनों से दूर हो गया है। इससे इन देशों में रोजगार के मौकों पर प्रतिकूल असर हुआ है। ऐसे में यह कोई छोटी बात नहीं है कि चिंताजनक वैश्विक रोजगार परिदृश्य के बीच भारत में बढ़ती हुई तेज अर्थव्यवस्था के कारण रोजगार-स्वरोजगार के मौके बढ़ रहे हैं। यह महत्वपूर्ण है कि अभी भारत दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था है। उससे आगे अमरीका, चीन, जर्मनी और जापान हैं। कुछ समय पहले तक माना जा रहा था कि भारत 2026 में जापान को पीछे कर दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, लेकिन अब भारत और जापान की अर्थव्यवस्था में बहुत थोड़ा अंतर रह गया है। इसलिए जापान की अर्थव्यवस्था से इसी साल 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था आगे निकल सकती है और चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था का ताज पहन सकती है। ऐसे में बढ़ती हुई भारतीय अर्थव्यवस्था में नए रोजगार मौके निर्मित होते हुए दिखाई दे रहे हैं। यद्यपि वैश्विक मंदी के कारण दुनिया की छोटी-बड़ी कई अर्थव्यवस्थाओं में रोजगार के मौके कम हुए हैं, लेकिन कोविड-19 के बाद डिजिटल दौर के कारण देश और दुनिया के विभिन्न देशों में डिजिटल कौशल से सुसज्जित भारतीय युवाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़े हैं। खास तौर से डिजिटल इकोनॉमी के तहत ई-कॉमर्स, बैंकिंग, मार्केटिंग, ट्रांजेक्शन, डेटा एनालिसिस, सायबर सिक्योरिटी, आईटी, टूरिज्म, रिटेल ट्रेड, हॉस्पिटेलिटी डेटा साइंस, कंटेंट क्रिएशन, ब्लॉकचेन मेटावर्स, नेटवर्किंग, रिलेशनशिप बिल्डिंग, डिजिटल लिटरेसी, इमोशनल इंटेलिजेंस ग्रोथ और क्रिटिकल थिंकिंग से जुड़े रोजगार अवसर भी तेजी से बढ़े हैं।

नई स्टार्टअप्स से युवाओं के लिए लाखों रोजगार बन रहे हैं। देश की नई प्रतिभाशाली पीढ़ी के बल पर देश स्टार्टअप और सॉफ्टवेयर से लेकर स्पेस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सामर्थ्यवान देश के रूप में उभर रहा है। भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है। ये अपने साथ लाई गई पूंजी और विदेशों में अर्जित कौशल से रोजगार के नए मौके भी निर्मित कर रहे है। निस्संदेह एक ऐसे दौर में जब दुनिया के अनेक विकसित और विकासशील देशों में कार्यशील युवाओं की कमी का परिदृश्य है, तब भारत अपनी कुशल युवा आबादी के साथ रोजगार बाजार में नई संभावनाओं वाले देश के रूप में उभरकर सामने आया है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) के द्वारा प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक एक अरब 42 करोड़ 86 लाख आबादी के साथ भारत दुनिया का सर्वाधिक आबादी वाला देश बन गया है।

**-डा. जयंती लाल भंडारी**

## राशिफल

फाल्गुन कृष्ण पक्ष : नवमी | (विक्रम संवत् 2080)

**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)** भाग्यवश कुछ काम बनेंगे। रुका हुआ कार्य चल पड़ेगा। यात्रा में लाभ होगा। धर्म-कर्म में हिस्सा लेंगे।

**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)** कोई रिस्क मत लीजिएगा, परेशानी वाला समय है। चोट-चपेट लग सकती है। किसी परेशानी में पड़ सकते हैं।

**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)** स्वास्थ्य में सुधार। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। रोजी-रोजगार में तरक्की करेंगे।

**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)** शत्रु परास्त होंगे। स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम बना रहेगा। प्रेमस संतान की स्थिति बहुत अच्छी है।

**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)** मन परेशान रहेगा। प्रेम में तू-तू, मैं-मैं की स्थिति है। बच्चों की सेहत को लेकर भी मन परेशान रहेगा।

**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)** भूमि, भवन, वाहन की खरीदारी होगी। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि संभव है, लेकिन गृह-कलह भी संभव है।

**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)** व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। अपनों का साथ होगा। स्वास्थ्य में सुधार। प्रेम, संतान अच्छा। व्यापार अच्छा।

**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)** धन आगमन होगा। कुटुंब में वृद्धि होगी। निवेश करने से बचें और जुबान पर नियंत्रण रखें। बाकी स्वास्थ्य, प्रेम, व्यापार अच्छा है।

**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)** आकर्षण के केंद्र बने रहेंगे। सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा। स्वास्थ्य में सुधार रहेगा। प्रेम,संतान का साथ होगा।

**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)** उतार-चढ़ाव बना रहेगा। मन थोड़ा परेशानी में रहेगा। अज्ञात भय सताएगा। खर्च की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य ठीक-ठाक।

**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)** आय में आशातीत बढ़ोतरी। यात्रा में लाभ। शुभ समाचार की प्राप्ति। स्वास्थ्य और प्रेम का साथ। व्यापार भी बहुत अच्छा।

**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)** स्वास्थ्य थोड़ा नरम-गरम चल रहा है। व्यापारिक स्थिति सुदृढ़ होगी। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी। बच्चे तरक्की करेंगे।

# भाजपा जिला कार्यालय पर हुआ लोस प्रत्याशी का भव्य स्वागत




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** भाजपा प्रत्याशी पूर्व केंद्रीय मंत्री सांसद डॉक्टर महेश शर्मा का कल भव्य स्वागत सम्मान समारोह कार्यक्रम लोकसभा चुनाव संचालन समिति के द्वारा भाजपा ज़िला कार्यालय तिलपता गोलचक्कर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज़िला अध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने की कार्यक्रव का संचालन लोकसभा संचालन समिति के संयोजक एवं पूर्व जिलाध्यक्ष प्रणीत भाटी ने किया।

लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर महेश शर्मा ने कहा कि में सभी पार्टी कार्यकर्ताओं वरिष्ठ जनों का स्वागत आभार वियक्त करता हूँ। पार्टी के देवतुल्य कार्यकर्ताओं के बल और देव तुल्य जनता के विश्वास पर एक बार फिर देश में नरेन्द्र मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनायेंगे। उसके लिये घर घर से प्रत्येक कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष पन्ना प्रमुख पार्टी की रीतिनीति सरकार के किये गये विकास कार्यों के पत्रक देकर भाजपा को विजयी बनाने के लिये कार्य केरेंगे।

इस अवसर पर मुख्य रूप से क्षेत्रीय महामंत्री हरीश ठाकुर, जिलाध्यक्ष गजेंद्र मावी, पूर्व विधायक खुर्जा बिजेंद्र खटिक, पूर्व मंत्री हरिश्चंद्र भाटी, लोकसभा प्रभारी अनिल शिसोदिया, प्रणीत भाटी, दादरी नगरपालिका अध्यक्ष गीता पंडित, मीनाक्षी सिंह, जिला महामंत्री दीपक भारद्वाज, मनोज गर्ग, धर्मेंद्र कोरी, मीडिया प्रभारी कर्मवीर आर्य, पूर्व जिलाध्यक्ष रक़मसिंह भाटी, शिवओम शर्मा, पवन रावल, पिछड़ा आयोग सदस्य बिजेंद्र भाटी, देवा भाटी, सुनील भाटी, पवन नागर, राहुल पंडित, सतेंद्र नागर, सत्यपाल शर्मा, रिंकु भाटी, रवि जिंदल, मनोज प्रधान, सुनील शर्मा, गणेश जाटव, मनोज भाटी, रजनी तोमर, कविता सिंह, पूनम सिंह, डॉ. संगीता रावल, विचित्र तोमर, पंकज रावल, सचिन शर्मा, कपिल गुर्जर, विकास चौधरी आदि हजारों कार्यकर्ता ने भाजपा प्रत्याशी डॉ. महेश शर्मा के स्वागत समारोह कार्यक्रम में भाग लिया।

# 'जन-जन के नेता है डा. महेश शर्मा'

**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** गौतमबुद्ध नगर लोकसभा सीट से सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा को चौथी बार प्रत्याशी बनाए जाने पर पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। डॉ महेश शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने पर ग्रेटर नोएडा के भाजपा मंडल अध्यक्ष महेश शर्मा ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा जन जन के लोकप्रिय नेता हैं और उन्होने अपने कार्यकाल में लोकसभा क्षेत्र का जो विकास का काम करवाया है। वह धरातल पर है। उन्होंने कहा कि हर समाज का डॉ महेश शर्मा को भरपूर जन समर्थन मिल रहा है।



उन्होंने दावा किया कि इस बार लोकसभा चुनाव में डॉक्टर महेश शर्मा चार लाख से अधिक मतों से विजय हासिल करें। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता डॉ महेश शर्मा को चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। वहीं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ दीपक कुशवाहा ने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा लोकप्रिय भाजपा नेता के साथ-साथ लोगों की समस्याओं का निदान करने वाले भी नेता हैं। उन्होंने कहा कि डॉक्टर महेश शर्मा कभी भी विकास को अनदेखा नहीं किया और यही कारण है कि आज गौतम बुद्ध नगर लोकसभा क्षेत्र में पढ़ने वाली पांचो विधानसभा क्षेत्र में चौमुखी विकास हुआ है।

उन्होंने कहा कि विकास पर यदि एक नजर डाली जाए तो यह स्पष्ट होता है कि डॉक्टर महेश शर्मा अपने निधि से जो विकास का काम करवाया है वह स्वागत के योग्य है। उन्होंने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने एक बार डॉक्टर महेश शर्मा पर भरोसा जताकर या साबित कर दिया है कि विकास करने वाले नेता को ही मौका मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता डॉ महेश शर्मा को चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत से समाज के हर वर्ग में जाकर उनका प्रचार प्रसार कर रहा है।



# शिक्षक संघ ने महानिदेशक को भेजा ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालय को विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए टैबलेट के माध्यम से विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति एवं मध्यान्ह की सूचना ऑनलाइन भेजने का दबाव विभागीय अधिकारी बनाया जा रहा है। विभागीय अधिकारियों द्वारा शिक्षकों के साथ अमर्यादित व्यवहार तथा वेतन रोकने जैसी कार्रवाई की जा रही है।

विभाग द्वारा केवल टैबलेट उपलब्ध कराया गया है परंतु टैबलेट को सक्रिय करने हेतु सरकारी सिम कार्ड उपलब्ध नहीं कराया गया है। अधिकारियों द्वारा शिक्षकों को अपने व्यक्तिगत आई डी के माध्यम से सिम कार्ड खरीद कर टैबलेट चलाने का दबाव बनाया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक शिक्षक संघ शिक्षा द्वारा समस्याओं के लिए महानिदेशक स्कूल शिक्षा से कई बार वार्ता कर चुका है।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष मेघराज भाटी जिला अध्यक्ष प्रवीण शर्मा जिला मंत्री के गजन भाटी, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष बलेराम नागर, जिला कोषाध्यक्ष हेमराज शर्मा रविदास ब्लॉक अध्यक्ष रवि भाटी वेद प्रकाश सतीश नगर सुरेश नगर महेश कुमार कुलदीप कुमार जगबीर शर्मा सुदेश कुमार पवन कुमार रामगोपाल सतीश पीलवान, चंदा कुमारी ब्लॉक मंत्री, अरविन्द शर्मा,सुदर्शन शर्मा, खुसबूराय, रामकिशन शर्मा, ब्रजेशपाल सिंह रामकुमार शर्मा, शालिनी रानी, शिवानी सिंह, दीप्ति यादव, सुषमा पांडेय , प्रीति पांडेय, ज्योतिर्मयी पांडेय, पुष्पा रानी, पूनम शाक्य, ज्योति मिश्रा, सावित्री गुप्ता,मीना शर्मा, शाइस्ता प्रवीन, रागिनी गुप्ता, बुशरा कुरैशी, शकीला खातून, अर्चना सक्सेना, तृप्ति सक्सेना, नीरा भटनागर, अल्पना गुप्ता,लता कनौजिया, चारुल शर्मा, माला बजाज, सरिता यादव, लता वर्मा, शालिनी गुप्ता, मंजूषा मौर्य, नीतू शर्मा, सुमन आदि मौजूद रहे।

# सैनी गांव के किसानों की समस्या को लेकर दिया ज्ञापन



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** सनी गांव के किसानों की समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन पाठक के कार्यकर्ताओं ने जिलाधिकारी को कल उद्यापन सोप है यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमपाल भाटी ने बताया कि सैनी गांव के किसान काफी समय से परेशान हैं और उनको न्यायालय के आदेश के बाद भी प्लांट नही दिया जा रहा है। उनके साथ न्याय हो रहा है। भारतीय किसान यूनियन पथिक के प्रदेश अध्यक्ष अजय पहलवान ने कहा कि जब तक किसानों को न्याय नहीं मिल जाता तब तक यह आंदोलन जारी रहेगा।

इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्र नागर, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव बिट्ठू, नगर प्रदेश सचिव हबीब कुरैशी, प्रदेश जिला अध्यक्ष साबू खान, वसीम अहमद, जिला उपाध्यक्ष रामेश्वर ठाकुर, युवा जिला अध्यक्ष सौरभ मावी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विजय नगर सचिव चमन कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।

# ट्रेड यूनियन ने किया प्रदर्शन




**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** केंद्र सरकार और एलजी के इशारों पर डीडीए द्वारा उत्तर-पूर्वी दिल्ली के खजुरी खास में वकील हसन के मकान को तोड़ने के अन्यायपूर्ण तथा गैर-कानूनी कृत्य के खिलाफ़ आईएनए स्थित डीडीए मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया गया।

इस प्रदर्शन में ट्रेड यूनियनों के अलावा जनवादी महिला समिति तथा वकील हसन की पत्नी समेत इलाके के अन्य महिलाओं और पुरुषों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया।

## पृष्ठ एक के शेष....

**आज शाम होगा...**

**4 नए मंत्री बनेंगे**:-लखनऊ से आ रही खबर के मुताबिक इस कैबिनेट विस्तार में सुहेल देव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर, भाजपा एमएलसी दारा सिंह चौहान और आरएलडी के विधायक अनिल कुमार मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं। इसके अलावा साहिबाबाद से विधायक सुनील शर्मा के भी मंत्री बनाए जाने के समाचार हैं। सुनील शर्मा इस समय दिल्ली में हैं और उन्हें लखनऊ आने के लिए फोन कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव से पहले जहां एक तरफ यूपी में कैबिनेट विस्तार की चर्चा चल रही है तो वहीं इस बीच आरएलडी के विधायक अनिल कुमार को लखनऊ बुलाया गया है, वह मंत्री बन सकते हैं। वह पुरकाजी से विधायक हैं और बीजेपी प्रत्याशी को हराकर 2022 में उन्होंने चुनाव जीता था। अनिल कुमार के अलावा राजभर और दारा सिंह चौहान को भी कैबिनेट में जगह मिली है।

**भर्ती बोर्ड की...**

परीक्षा रद्द होने के बाद से भर्ती बोर्ड की इंटर्नल असेसमेंट कमेटी रिपोर्ट नहीं दे पाई थी और ना ही मामले में एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

**मॉल में डोर गिरने...**

को हटाकर नेहा कात्याल को बाहर निकाला और उसे सेक्टर-137 स्थित फेलिक्स अस्पताल में भर्ती कराया। जांच के बाद पता चला कि नेहा कात्याल के पैर में फ्रैक्चर हुआ है। मनीष वर्मा ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि इस पूरे मामले में मॉल प्रबंधन की पूरी लापरवाही रही है। उनकी लापरवाही की वजह से किसी की जान भी जा सकती है। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं थाना बिसरख क्षेत्र मैं माल की रेलिंग करने से हुई दो युवकों की मौत के मामले में माल के मालिक प्रदीप अग्रवाल, शीतल अग्रवाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। बीते दिनों लोहे की डार्लिंग गिरने के कारण मॉल में घूमने आए शकील तथा हरेंद्र भाटी की मौके पर ही मौत हो गई थी।

**ससुरालियों ने आये...**

थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

**अब अधूरे एलीवेटिड...**

इसके अलावा लैंड बैंक के लिए 1500 करोड़ और डीएनजीआईआर के लिए बजट का प्रावधान किया गया है। वहां जमीन अधिग्रहण किया जाएगा। वहीं नोएडा में विकसित की जा रही इंडस्ट्री के लिए आपसी सहमति के आधार पर किसानों को राशि दी जानी है। बजट में इसका प्रावधान किया गया है। आगामी दिनों होने वाली बोर्ड बैठक चेयरमैन मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में होगी। जिसमें तीनों यानी नोएडा , ग्रेटरनोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ शामिल होंगे। बता दे ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक 1 मार्च को हो चुकी है। यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण की बोर्ड 12 मार्च को प्रस्तावित है। ऐसे में नोएडा की बैठक 10 या 11 मार्च तक हो सकती है।

**कमरे से गनमैन...**

वह सेक्टर 15 स्थित इटेबी कंपनी केशपेट में गनमैन के रूप में कार्यरत है। बीते 1 मार्च की रात को वह 9 बजे ड्यूटी खत्म कर अपने कमरे पर आ गया थाी। रात्रि करीब 12 बजे उसका दामाद सिमर सिंह कमरे पर पहुंचा जिसके बाद खाना खाकर दोनों सो गए। श्याम सिंह के मुताबिक उसने अपनी राइफल कमरे के दरवाजे के पास खड़ी कर दी सुबह जब वह सो कर उठे तो उन्हें राइफल मोबाइल फोन 13200 गायब मिले उन्होंने काफी तलाश की लेकिन राइफल का कोई पता नहीं चला। वहीं सेक्टर-15 डी ब्लॉक में रहने वाले धीरज कुमार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात चोर ने उसके कमरे से दो लैपटॉप तथा तीन मोबाइल फोन चोरी कर लिए। थाना प्रभारी ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# 50 सीट जीतेगी सपाः खान



**ग्रेटर नोएडा( चेतना मंच )।** समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव चौधरी हसरूद्दीन खान राजपूत का कल हल्दौनी गांव में ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव चौधरी हसरूद्दीन खान राजपूत ने कहा कि समाजवादी पार्टी लोकसभा चुनाव में 50 से अधिक सीट जीतने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि सपा कार्यकर्ता पार्टी प्रत्याशियों को चुनाव जीतने के लिए पूरी ताकत के साथ अभी से बूथ स्तर पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा आगे भारतीय जनता पार्टी के झूठ का पुलिंदा जनता के सामने खुल चुका है। इस अवसर पर उन्होंने स्वागत करने वाले लोगों का आभार व्यक्त किया है।

# नशीला पदार्थ सुंघाकर ई-रिक्शा लूटा

**नोएडा ( चेतना मंच )।** ई-रिक्शा में सवारी के रूप में बैठे बदमाशों ने चालक को नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। चालक को बेहोश करने के बाद बदमाश ई-रिक्शा को लेकर फरार हो गए। पीड़ित ने थाना सेक्टर-24 में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने चार माह बाद इस मामले की रिपोर्ट दर्ज की है। अकबरपुर बहरामपुर गाजियाबाद निवासी मेघनाथ ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि 5 अक्टूबर 2023 की रात्रि को वह सवारी लेकर नोएडा आया था। निठारी के पास सवारी के रूप में बैठे बदमाशों ने उसे नशीला पदार्थ सुंघा दिया जिसके बाद वह बेहोश हो गया। उसे जब होश आया तो वह सड़क किनारे पड़ा हुआ था और उसका ई-रिक्शा गायब था। पीड़ित के मुताबिक उसने कई बार थाने में इस मामले की शिकायत दर्ज करने का प्रयास किया लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इस घटना को चार माह बीतने के बाद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है।

# बाइक चोरी, डिग्गी में रखी थी नगदी

**नोएडा ( चेतना मंच )।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के होशियापुर गांव से एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गई। बाइक डिग्गी में 50 हजार रूपए भी रखे हुए थे। सेक्टर-51 होशियापुर गांव निवासी प्रमोद कुमार ने बताया कि उसने अपनी बाइक घर के बाहर गली में खड़ी की थी। बाइक की डिग्गी में 50000 रूपये किसी को देने के लिए रखे हुए थे। कुछ देर बाद जब वह घर से बाहर आया तो उसे बाइक गायब मिली। थाना सेक्टर-49 ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरो की फुटेज खंगालकर बदमाशों की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

# डॉ0 रमाशंकर सिंह यादव 'बालकृष्ण भट्ट' पुरस्कार से अलंकृत



**मीरजापुर( चेतना मंच )।** जनपद के वरिष्ठ रचनाकार डॉ0 रमाशंकर सिंह यादव को गत दिवस लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ स्थित मालवीय सभागार में राज्य कर्मचारी साहित्य संस्थान, उ0प्र0 द्वारा आयोजित भव्य अलंकरण समारोह 2023-24 में उनकी कृति किस्सागोई के लिए बालकृष्ण भट्ट पुरस्कार राज्यसभा सांसद एवं प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ0 दिनेश शर्मा द्वारा प्रदान किया गया। पुरस्कार स्वरूप संस्थान द्वारा उन्हें उक्त समारोह में सम्मान पत्र, स्मृति चिह्न, अंगवस्त्र व अतिरिक्त एक लाख रुपये की पुरस्कार राशि भेंट की गयी। इस अवसर पर पुरस्कृत साहित्यकारों के अतिरिक्त अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार (आईएएस) उ0प्र0 शासन, एम. पी. अग्रवाल(आईएएस) प्रमुख सचिव उ. प्र. शासन, डा0 हरिओम(आईएएस) प्रमुख सचिव उ. प्र. शासन, जयशंकर पांडेय क्षेत्रीय संयोजक, संस्थान के अध्यक्ष डॉ0 अखिलेश मिश्र, सचिव सीमा गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

जनपद के छानबे विकास खण्ड के अन्तर्गत ग्राम- कलना गहरवार निवासी डॉ0 रमाशंकर सिंह यादव पशुधन प्रसार अधिकारी पद से सेवानिवृत्ति के पश्चात् अनवरत साहित्य साधना में रत हैं। वर्तमान में विभिन्न विषयों एवं विधाओं में इनकी अब तक कुल 6 कृतियाँ- मानस के प्रान, मैथिली, नारी संसार, किस्सागोई, दारूवाला, वैलेंटाइन डे आदि प्रकाशित हो चुकी हैं। डॉ0 रमाशंकर सिंह यादव को इससे पूर्व भी अनेक साहित्यिक-सामाजिक संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है।

उनकी इस उपलब्धि पर जनपद के साहित्यकारों बृजदेव पाण्डेय, भोलानाथ कुशवाहा, गणेश गम्भीर, केदारनाथ सविता, लल्लू तिवारी, अरविन्द अवस्थी, धर्मदास, डॉ0 अनुराधा ओस, डा0 रंजना जायसवाल, आनन्द अमित, सारिका चौरसिया, डॉ0 सुधा सिंह, नन्दिनी वर्मा, शुभम् श्रीवास्तव ओम, श्याम अचल, इला जायसवाल, पूजा यादव, श्रृष्टि राज आदि के अतिरिक्त ग्राम प्रधान कलना गहरवार शान्ती देवी व ग्रामसभा के समस्त बुद्धजीवी लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की है एवं डॉ0 रमाशंकर सिंह यादव को शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं।

# न्याय मिलने तक जारी रहेगा धरना : भाटी



**नोएडा ( चेतना मंच )।** सेक्टर-142 स्थित शाहदरा गांव में मार्केट तोड़े जाने के विरोध में चल रहा भारती किसान यूनियन (बलराज) का धरना आज भी जारी रहा धरने में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए भारतीय किसान यूनियन बलराज के प्रदेश अध्यक्ष हातिम सिंह भाटी ने कहा कि जब तक न्याय नहीं मिल जाता तब तक यह धरना जारी रहेगा।

उन्होंने कहा कि नोट प्राणी प्राधिकरण की गलत नीतियों के कारण आज पूरे देश के किस जिले के किसान परेशान हैं। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण की मनमानी किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

इस अवसर पर इस मौके पर गिरीश भाटी प्रदेश उपाध्यक्ष, दिलदार अंसारी प्रदेश महासचिव, यमन अंसारी प्रदेश सचिव, गफ्फार अली जिला सचिव, फहीम मंसूरी जिला अध्यक्ष मुरादाबाद, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मोहम्मद कादिर मुरादाबाद, राशिद अली जिला अध्यक्ष अमरोहा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नसीम खान अमरोहा, रामवीर भाटी, उधम भाटी आदि सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी ( मेंहदीपुर ) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर ( यू पी. ) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact: 0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340
E-mail: chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com

# प्रगति के आयाम स्थापित कर रहा सरस मेला : स्वाति शर्मा

## भविष्य में बढ़-चढ़कर भागीदारी करेगा जिला प्रशासन : मनीष वर्मा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा सैक्टर-33ए स्थित नोएडा हाट में ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित एवं राष्ट्रीय ग्रामीण विकास और पंचायती राज संस्थान (एनआईआरडीपीआर) द्वारा समर्थित सरस मेला का कल 4 मार्च को समापन हो गया।

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की संयुक्त सचिव स्वाति शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से ग्रामीण महिलाओं में आत्मनिर्भरता की भावना उत्पन्न होती है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय की सोच सभी दीदियों को नए आयाम उपलब्ध कराना है।




गौतमबुद्धनगर के जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि सरस मेला हमारे लिए नया अनुभव रहा है। आगे भी जिला प्रशासन इस प्रकार के आयोजनों में बढ़-चढ़ कर भागीदारी निभाएगा। देश के विभिन्न राज्यों से आई दीदियों की प्रतिभा का हम भी जिला स्तर पर प्रचार-प्रसार करेंगे। सरस मेले के सभी उत्पाद मजबूत एवं टिकाऊ हैं, इसलिए इन उत्पादों की जितनी सराहना की जाए कम है। आयोजित समापन दिवस पर केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय की डिप्युटी सेक्रेट्री निवेदिता प्रसाद ने कहा सरस मेला ग्रामीण दीदियों को आगे बढ़ाने का एक प्लेटफॉर्म और प्रयास है। यहां के उत्पाद पूरी तरह भारतीय हैं। इन आयोजनों में कुटुम्बश्री और एनआईआरडीपीआर हमारे सहायक रहे हैं।

एनआईआरडीपीआर के सहायक निदेशक चिरंजी लाल कटारिया ने बताया कि पहली बार यहां करीब 3 करोड़ की सेल हुई थी, जो दूसरी बार में 5 करोड़ पर पहुंची, तीसरी बार यहां करीब 10 करोड़ की सेल हुई थी, मगर इस बार बंपर सेल 13 करोड़ से ऊपर पहुंची है। इसके लिए उन्होंने नोएडावासियों का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सुधीर कुमार सिंह तथा सुरेश प्रसाद सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 100 करोड़ का साइबर फ्रॉड करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**नोएडा (चेतना मंच)।** पुलिस ने एक साइबर ठग गिरोह को भंडाफोड़ किया है। बताया जा रहा है कि ये गिरोह कि भारतीय सिम का प्रयोग कर विदेश में बैठकर भारतीय लोगों से साइबर फ्रॉड करता है। गिरोह में 20 से अधिक भारतीय लोग शामिल है। इस मामले में ग्रेटर नोएडा पुलिस ने 2 विदेशी नागरिकों सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। फिलहाल पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

डीसीपी सेंट्रल नोएडा सुनीति ने बताया कि ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौर सिटी मॉल के समीप से चीन के रहने वाले शू यूमिंग, नेपाल के रहने वाले अनिल थापा और ग्रेटर नोएडा के दादरी के रहने वाले विनोद उर्फ अगस्त्या भाटी को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ के दौरान पता चला है कि चीन का रहने वाला आरोपी शू यूमिंग अवैध तरीके से नेपाल के रास्ते भारत आया था। जांच में सामने आया है कि अनिल थापा उसको लेकर भारत आया था। यहां उन लोगों ने एक गिरोह बनाया जिसमें स्थानीय विनोद भाटी को शामिल किया। उसकी मदद से आरोपित फर्जी आइडी पर सिम कार्ड खरीद कर उसको कुरियर के माध्यम से विदेश भेजते थे। कंबोडिया में बैठे आरोपितों के साथी भारतीय लोगों को फोन कर उनके साथ साइबर फ्रॉड करते थे। साइबर फ्रॉड करने के लिए भारत से ही युवाओं को भेजा जाता था। उनको यह कहकर विदेश में नौकरी पर भेजा जाता था कि उनकी विदेश में मोटे पैकेज पर नौकरी लगेगी। वहां जाने के बाद वह ठगी करने में शामिल हो जाते थे।

आपको बता दें कि ये गिरोह भारतीय सिम

### दो विदेशी सहित नोएडा से तीन शातिर गिरफ्तार



को कुरियर के माध्यम से कंबोडिया भेज देते थे। साथ ही ये गिरोह मेल के माध्यम से भारतीय ग्राहकों का डाटा भी भेज रहा था। मोटे पैकेज पर भारतीय युवकों को इंजीनियर, प्रबंधक की नौकरी देने के नाम पर कंबोडिया भेजा जाता था। वह युवक साइबर फ्रॉड में शामिल हो जाते है। भारतीय सिम का प्रयोग कर लोगों को फोन किया जाता था। पीड़ितों से कहा जाता है कि शेयर मार्केट में निवेश और गेमिंग ऐप के जरिये से वह करोड़ों रुपये कमा सकते है। यह कहकर आरोपित पीड़ित को अपने झांसे में लेते है। उनके मोबाइल पर लिंक भेजते है, जैसे ही पीड़ित लिंक पर क्लिक करता है उनके मोबाइल का एक्सेस आरोपितों के पास चला जाता है। फिर आरोपित मोबाइल पर आने वाले ओटीपी का प्रयोग कर साइबर फ्रॉड कर लेते है। ये गिरोह नौकरी के नाम पर गाजियाबाद, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, दिल्ली, हरियाणा और पंजाब के लोगों को कंबोडिया भेज रहे थे।

पुलिस ने ठगी करने वाले गिरोह के पकड़े गए लोगों के पास से चार पासपोर्ट, फर्जी आईडी पर लिए गए 531 सिम कार्ड, दो ड्राइविंग लाइसेंस, नौ मोबाइल, 11435 नेपाली करेंसी, दो डालर, पांच दिराम, 150 थाईलैंड करेंसी, पांच युआन करेंसी चाइना, 2100 कंबोडिया करंसी व 94 हजार रुपये भारतीय रुपये के अलावा तीन चेक बुक, एक डायरी, एक नेपाली नागरिक पत्र, एक एयर इंडिया का टिकट, एक शंघाई होंगेकिआओ का बोर्डिंग पास, एक स्टांप मुहर, दस क्रेडिट कार्ड बरामद किए गए है।

# अनाथों व वृद्ध महिलाओं के बीच मनाया जन्मदिन




**नोएडा (चेतना मंच)।** भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता समाजसेवी सोनू राणा ने 'अपना घर आश्रम' सेक्टर-34 नोएडा में रह रही अनाथ, वृध, लाचार, बीमार माता और बहनों के बीच अपना जन्मदिन में मनाया।

जहां मुख्य रूप से कई हस्तियाँ शामिल हुई जिसमें भारतीय क्रिकेट टीम के तेजतर्रार स्टार खिलाड़ी शिवम मावी, उत्तर प्रदेश सरकार में पूर्वमंत्री नवाब सिंह नागर, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोपालकृष्ण अग्रवाल, ग़ाज़ियाबाद खोड़ा कि पूर्व चेयरमेन रीना भाटी, शहरी मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ प्रसनजीत मैत्रा, मण्डल अध्यक्ष सत्यनारायण महावर,पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजयुमो क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सुनील नागर, जिला उपाध्यक्ष गिरजा सिंह, जिला मंत्री चमन अवाना, मंडल अध्यक्ष गोपाल गौड़ एवं कई प्रमुख समाजसेवी वरिष्टजन शामिल हुए।

# रालोद ने घोषित कर दिए अपने दोनों लोकसभा प्रत्याशी

लखनऊ। हाल ही में भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में जुड़ी राजनीतिक पार्टी राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) की तरफ से उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की गई है ।गौरतलब है राष्ट्रीय लोक दल को भारतीय जनता पार्टी के साथ गठबंधन में उत्तर प्रदेश के बागपत और बिजनौर दो जिलों की सीटों पर चुनाव लड़ने का मौका मिला है, जिसके लिए पार्टी की तरफ से आज उम्मीदवारों की घोषणा की गई है।

आरएलडी की तरफ से बिजनौर और बागपत की सीट पर उम्मीदवारों के दो बड़े नाम सामने आए हैं। बिजनौर की सीट पर प्रत्याशी के रूप में चंदन चौहान को टिकट दिया गया है, जबकि बागपत की सीट पर राजकुमार सांगवान को उम्मीदवार बनाया गया है। इसके साथ ही भाजपा के साथ गठबंधन में आरएलडी को विधान परिषद की भी एक सीट दी गई है जिसके लिए आरएलडी की तरफ से योगेश चौधरी के नाम की घोषणा प्रत्याशी के रूप में की गई है।

आरएलडी ने अपने प्रत्याशी की घोषणा करते हुए पोस्ट में लिखा है कि राष्टीय लोक दल का झंडा बुलंद रखने वाले ये तीनों प्रतिनिधि आपके सहयोग आशीर्वाद से सदन पहुंचकर किसान कमेरा और विकास की बात करेंगे।

राष्ट्रीय लोकदल का झंडा बुलंद रखने वाले यीनों प्रतिनिधि आपके सहयोग और आशीर्वाद से सदन पहुँचकर किसान, कमेरा और विकास की बात करेंगे।

# धूमधाम से मनाया 17वां वार्षिकोत्सव

**नोएडा (चेतना मंच)।** डी ब्लॉक आरडब्लूए पंजीकृत सेक्टर-20 नोएडा एवं अमृतवाणी महिला कीर्तन मंडली ने 17वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया। वार्षिकोत्सव के अवसर पर सुंदरकांड का पाठ तथा भंडारे का आयोजन किया गया।



कैलाश चंद गुप्ता एंड पार्टी द्वारा भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। गया। सुंदरकांड पाठ में डी ब्लॉक तथा आसपास के लोगों ने हिस्सा लिया। सुंदरकांड पाठ के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

अमृतवाणी महिला कीर्तन मंडली की श्रीमती कांता कालिया ने विद्यासागर विरमानी को राम नाम का साफा पहनकर उनका अभिनंदन किया। श्री बिरमानी ने आयोजन को सफल बनाने के लिए श्रीमती गीता अग्रवाल, मंजू शर्मा, कविता रोहतगी का आभार प्रकट किया।

# हिमगिरि ज़ी यूनिवर्सिटी ने इनोवेटिव डिग्री प्रोग्राम के लिए की साझेदारी



**नोएडा (चेतना मंच)।** कॉलेज देखो (इमेजिनएक्सपी) और हिमगिरि ज़ी यूनिवर्सिटी ने छात्रों को नए युग के कौशल से लैस करने के लिए डिज़ाइन किए गए डिग्री प्रोग्राम शुरू करने के लिए एक एमओयू साईन किया है।

एमओयू के तहत, छात्र अब अंतर्राष्ट्रीय संबंध, रेस्तरां प्रबंधन और डिजिटल पत्रकारिता में बैचलर ऑफ आर्ट्स कार्यक्रमों के साथ-साथ एनीमेशन में बैचलर ऑफ साइंस कार्यक्रमों में दाखिला ले सकेंगे।

इस एमओयू पर हस्ताक्षर के मौके पर एलायंस और पार्टनरशिप प्रमुख कृष्ण माथुर, मार्केटिंग प्रमुख गजेंद्र सिंह निर्वाण और सेल्स प्रमुख गुरु सिमरन शामिल थे। हिमगिरी ज़ी विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए डॉ. मोहम्मद इरफान खान, चांसलर, डॉ. बी.एस. नागेंद्र पाराशर, वाईस चांसलर, और डॉ. वीणा हाड़ा, डीन स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन बतौर हस्ताक्षरकर्ता मौजूद थे।

इमेजिनएक्सपी की विशेषज्ञता के साथ, इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों को समग्र परामर्श और व्यावहारिक ज्ञान देने के अवसर प्रदान करना है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि वे कॉर्पोरेट जगत के लिए अच्छी तरह से तैयार हैं।

# इफको फूलपुर में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस

**प्रयागराज (ब्यूरो)।** इफको घियानगर फूलपुर के अग्नि एवं सुरक्षा विभाग में 53 वां राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस मनाया गया। इस वर्ष का विषय ईएसजी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व है। वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने सुरक्षा ध्वजारोहण किया गया एवं मौजूद अधिकारी एवं कर्मचारियों को सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलायी गई।

वरिष्ठ कार्यकारी निदेशक (इकाई प्रमुख) संजय कुदेशिया ने कहा कि सुरक्षा नेतृत्व का अर्थ है आपके अंतर्गत कार्य करने वाले सभी लोगों की सुरक्षा का ध्यान रखना, यह व्यक्तिगत ना होकर सामूहिक सुरक्षा पर बल देता है। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर कार्य करते हुए सुरक्षा उपकरणों का पहनना अति आवश्यक है, क्योंकि दुर्घटना क्षणिक होती है लेकिन उसका कष्ट जीवन पर्यत्न होता है। सभी लोग अग्नि एवं सुरक्षा विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का अवश्य पालन करें। संयुक्त महाप्रबंधक (उत्पादन) संजय भंडारी ने कहा कि एक सुरक्षित कार्यस्थल सुरक्षा की नींव है। उन्होंने कहा सुरक्षा एक टीम वर्क है तथा आपकी जिम्मेदारी स्वयं की सुरक्षा ही नहीं बल्कि आपके साथ अंतिम पायदान वाला व्यक्ति/श्रमिक सुरक्षित रहे यह महत्वपूर्ण है।



प्रबंधक अग्नि एवं सुरक्षा विभाग अनिल कुमार यादव ने विभाग की वार्षिक रिपोर्ट पेश की तथा बताया की अग्नि एवं सुरक्षा विभाग को इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य के लिए ग्रीन टेक सेफ्टी गोल्ड अवार्ड मिला है। कार्यक्रम का संचालन विकास कुमार ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन ए.के.निगम ने दिया। इस दौरान महाप्रबंधक संजय वैश्य व एम.डी.मिश्र, संयुक्त महाप्रबंधक क्रमश: ए.पी. राजेन्द्रन, पी.के.सिंह, पी.के.पटेल, रत्नेश कुमार, अरवेन्द्र कुमार एवं एस.के.सिंह,विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको इम्पलाइज यूनियन के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय व महामंत्री विनय यादव, पवन कुमार वर्मा तथा जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी सहित अन्य व कर्मचारी मौजूद रहे।

# जलवायु को नुकसान पहुंचा रही है नुकसान

**नोएडा (चेतना मंच)।** एमिटी विश्वविद्यालय के एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी द्वारा एसपीआईएन सम्मेलन से पहले पूर्व सम्मेलन व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन के अंर्तगत यूएसए के कैलीफोर्निया स्थित रिजेनरेटिव इंटेलिजेंस के संस्थापक और सीईओ चाड फ्रिशमैन द्वारा 'स्थायीत्व से आगे- पुनर्योजी भविष्य बनाने के लिए समाधान की प्रणाली' विषय पर छात्रों को जानकारी प्रदान की गई।

यूएसए के कैलीफोर्निया स्थित रिजेनरेटिव इंटेलिजेंस के संस्थापक और सीईओ चाड फ्रिशमैन ने कहा कि वर्तमान में उपयोग में लाइ जा रही कई तकनीकें और अभ्यास, जलवायु परिवर्तन को बढ़ाते हुए भविष्य को नुकसान पहुंचा रहे है। उन्होने कहा कि कई संगठन जो पहले से एक उत्पादक भविष्य के लिए प्रतिबद्ध है और निवेश कर रहे है, यह एक नया प्रारंभ है। हम जो पुनर्योजी भविष्य चाहते है उसे बनाने में जलवायु परिवर्तन उत्प्रेरक हो सकता है। कम उपयोग करें, प्रतिस्थापित करें और पुर्नस्थापित करें यह मंत्र मजबूत भविष्य के लिए कारगर है।

### एमिटी में व्याख्यान सत्र का आयोजन



यूएसए के कैलीफोर्निया स्थित रिजेनरेटिव इंटेलिजेंस की सह संस्थापक डा ममता मेहरा ने कहा कि एक पुनर्योजी प्रणाली जीवन और कल्याण को हमारे सभी निर्णय लेने में केद्र में रखती है इसमें परस्पर जुड़ सामाजिक आर्थिक और प्राकृतिक प्रणालियां शामिल हैं जो जीवन को उसके सभी रूपों में समय समय पर प्रचुर मात्रा में सुनिश्चित करने के लिए मौजूद है।

एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डा मनोज पांडेय ने कहा कि सिग्नल प्रोसेसिंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेस, प्रौद्योगिकी को नई उचांईयों पर ले जा रहे है। हम सभी प्रौद्योगिकियों को सतत विकास से जोड़ना होगा।



## मंदिर में शादी करने के बाद पति बन गया हैवान, गर्भवती पत्नी पर ढाये जुल्म

**नोएडा (चेतना मंच)।** युवती से अवैध संबंध बनाने के बाद अपने गुनाह को छुपाने के लिए एक व्यक्ति ने युवती से नोएडा के एक मंदिर में शादी कर ली। शादी के बाद पति हैवान बन गया और अपनी पत्नी पर जुल्म ढहाने लगा। पति की हैवानियत इस कदर बढ़ी कि उसने अपनी गर्भवती पत्नी को शराब पीकर खूब पीटा और जबरन उसका गर्भपात करा दिया। पीड़िता ने थाना सेक्टर-49 में मुकदमा दर्ज कराया है। मूल रूप से जनपद पूर्णिया बिहार निवासी सौम्या (काल्पनिक नाम) ने बताया कि जनपद बहराइच निवासी अभिषेक कुमार पाठक ने उसके साथ अवैध तरीके से शारीरिक संबंध बनाए। उसके दबाव देने पर अभिषेक पाठक ने नोएडा फेस-2 के पुराने शिव मंदिर में 8 जनवरी 2023 को उसके साथ विधिवत शादी कर ली। शादी के कुछ समय बाद वह गर्भवती हो गई उसने जब यह बात अभिषेक कुमार पाठक को बताइ तो उसने उसे फ्लैट में बंद कर दिया और वैष्णो देवी चला गया। तीन दिन बाद अभिषेक पाठक जब वैष्णो देवी से वापस लौटा तो उसने उसके साथ मारपीट की और उसके पेट में लात मारी जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ने पर अभिषेक उसे अस्पताल ले गया और उसके इनकार करने के बावजूद भी उसका अबॉर्शन करा दिया। सौम्या के मुताबिक 6 मार्च 2023 के बाद से अभिषेक लगातार उसके साथ मारपीट करता रहा। जून 2023 में अभिषेक कुमार पाठक अपने दोस्त की बहन की शादी में गया था इस दौरान मौका पाकर उसने अपने घरवालों को अपने ऊपर हो रहे अत्याचारों के बारे में जानकारी दी। शादी से लौटने पर अभिषेक कुमार पाठक ने शराब पीकर उसके साथ मारपीट की। उसने इसकी सूचना थाना सेक्टर-49 पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस दोनों को थाने ले आई जिसके बाद अभिषेक कुमार पाठक के परिवार वाले थाने पहुंच गए। उन्होंने आश्वासन दिया कि अभिषेक पाठक आगे से ऐसा नहीं करेगा। थाने से वापस आने के बाद उसके पति अभिषेक पाठक ने उसके साथ मारपीट का सिलसिला जारी रखा। 22 जुलाई 2023 को अभिषेक कुमार पाठक ने उसके साथ इस कदर मारपीट की कि उसके पैर की हड्डी टूट गई। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## कबाड़ी को घर में घुसकर पीटा

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** चोरी करने पर नौकरी से कर्मचारियों को हटाना एक कबाड़ी को खासा महंगा पड़ा। नौकरी से हटाए जाने से गुस्सा आए कर्मचारियों ने अपने साथियों के साथ मिलकर कबाड़ी की पिटाई कर उसे घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना दनकौर में 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम मड़प्पा निवासी अरशद ने दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वह कबाड की खरीद फरोख्त का काम करता है। उसने काम करने के लिए अपने गोदाम पर लज्जू उर्फ आमिल, फिरोज व राजू को नौकरी पर रखा हुआ था। पिछले दिनों उसे पता चला कि तीनों मिलकर उसके गोदाम से सामान चोरी कर बाहर बेच रहे हैं इसके बाद उसने इन्हें नौकरी से हटा दिया। नौकरी से हटाने पर तीनों उससे रंजिश रखने लगे और उसे आए दिन धमकाने लगे। अरशद के मुताबिक 28 फरवरी की रात्रि को वह कासना स्थित अपने कबाड़ के गोदाम को बंद कर अपने घर आ गया। इस दौरान लज्जू उर्फ आामिल फिरोज राजू अपने साथी साहिल साजिद व शब्बू के साथ उसके घर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी। उसने जब इस बात का विरोध किया तो आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की। शोर शराबा सुनकर उसका भतीजा फरदीन उसे बचाने पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी मारपीट कर घायल कर दिया। इस दौरान आस पड़ोस के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। थाना प्रभारी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## पार्ट टाइम जॉब के नाम पर ठगा

**नोएडा (चेतना मंच)।** पार्ट टाइम जॉब का लालच देकर साइबर ठग ने एक व्यक्ति से 94700 ठग लिए। पीड़ित ने अज्ञात तक के खिलाफ थाना सेक्टर-20 में मुकदमा दर्ज कराया है। अमीरुल होडा ने बताया कि बीते दिनों उसके पास एक व्यक्ति का फोन आयाी। उक्त व्यक्ति ने उसे पार्ट टाइम जॉब का ऑफर दिया। उसने उक्त व्यक्ति की बातों में आकर उसके ग्रुप को ज्वाइन कर लिया। पार्ट टाइम जॉब के नाम पर उसे टास्क देकर उसे 94700 विभिन्न अकाउंट में ट्रांसफर कर लिए। पैसे ट्रांसफर होने के बाद उक्त व्यक्ति ने अपना मोबाइल फोन स्विच ऑफ कर लिया। ठगे जाने का अहसास होने पर उसने कई बार उक्त व्यक्ति से संपर्क करने का प्रयास किया लेकिन उसका मोबाइल फोन स्विचऑफ था। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने साइबर फ्रॉड की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

## जिला बदर बदमाश दबोचा

**नोएडा (चेतना मंच)।** कमिश्नरेट गौतमबुधनगर पुलिस द्वारा जिला बदर किए जाने के बावजूद जनपद की सीमा में घूम रहे एक जिला बदर बदमाश को थाना सेक्टर-49 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने कुछ दिनों पूर्व ही जनपद से 6 माह के लिए जिला बदर किया था। थाना प्रभारी अनुज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम गस्त पर थी। इस दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि थाने से जिला बदर बदमाश ऋषि उर्फ टीटू उर्फ प्रिंस पुत्र हरि शंकर निवासी ग्राम बरौला टी पॉइंट के पास खड़ा हुआ है। सूचना के आधार पर पुलिस ने आरोपी को दबोच लिया। उन्होंने बताया कि 29 जनवरी को पुलिस आयुक्त गौतमबुद्धनगर के निर्देश पर ऋषि उर्फ टीटू को 6 माह के लिए जिला बदर किया गया था। 28 फरवरी को जिला बदर किए जाने के आदेश को तामिल कर दिया गया था। इसके बावजूद भी ऋषि उर्फ टीटू जनपद की सीमा में रह रहा था। आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया गया है।

## चाकू दिखाकर राहगीरों को थे लूटते

**नोएडा (चेतना मंच)।** चाकू के बल पर राहगीरों से मोबाइल फोन व पर्स लूटपाट की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो लुटेरों को थाना सेक्टर 58 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो चाकू, लूटे गए दो मोबाइल फोन व एक बाइक बरामद हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस टीम गश्त पर थी। पुलिस को देखकर लेबर चौक पर बाइक सवार दो युवक हड़बड़ा कर बाइक को मोड़कर भागने लगे। हड़बड़ी में बाइक फिसल कर गिर गई जिसके बाद पुलिस ने शक के आधार पर दोनों को दबोच लिया। तलाशी लेने पर उनके पास से एक-एक चाकू, दो मोबाइल फोन बरामद हुए। पूछताछ में युवकों ने अपने नाम विशाल पुत्र मनोज कुमार व सोनू पुत्र आकाश निवासी ग्राम बहरामपुर अकबरपुर थाना क्रॉसिंग रिपब्लिक जनपद गाजियाबाद बताया। दोनों बदमाशों ने बताया कि वह बाइक पर सवार होकर राह चलते लोगों से मोबाइल फोन लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। उन्होंने क्षेत्र में मोबाइल लूट की कई घटनाओं को अंजाम दिया है। अपने शौक पूरा करने के लिए वह लूट की वारदातों को अंजाम देते थे। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद मोबाइल फोन थाना क्षेत्र से लूट गया था। आरोपी लूटे गए मोबाइल फोनों को राह चलते लोगों को सस्ते दामों में बेच देते थे।

# सुप्रीम कोर्ट ने दिया ऐतिहासिक फैसला, महुआ मोइत्रा और बागी विधायकों पर आया संकट

### बिहार में आरजेडी नेताओं को हो सकती दिक्कत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ ने कहा कि सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोजन से छूट नहीं होती है। सीजेआई की अगुवाई वाली सात-न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) रिश्वत मामले में पांच न्यायाधीशों की पीठ द्वारा सुनाए गए 1998 के फैसले को सर्वसम्मति से पलट दिया है। पांच न्यायाशीधों की पीठ के फैसले के तहत सांसदों और विधायकों को सदन में वोट डालने या भाषण देने के लिए रिश्वत लेने के मामले में अभियोजन से छूट दी गई थी।

सीजेआई ने फैसला सुनाकर कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में संसदीय विशेषाधिकारों के तहत संरक्षण प्राप्त नहीं है। 1998 के फैसले की व्याख्या संविधान के अनुच्छेद 105 और 194 के विपरीत है। अनुच्छेद 105 और 194 संसद और विधानसभाओं में सांसदों और विधायकों की शक्तियों एवं विशेषाधिकारों से संबंधित हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने पीठ के लिए फैसले का मुख्य भाग पढ़कर कहा कि रिश्वतखोरी के मामलों में इन अनुच्छेदों के तहत छूट नहीं है, क्योंकि यह सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी को नष्ट करती है।

सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हिमाचाल और बिहार पर



असर

- हिमाचल पुलिस अपनी जांच में ये पाती है कि बागी विधायकों ने रिश्वत लेकर क्रॉस वोटिंग की तब उन पर कार्रवाई हो सकेगी है।

- इतना ही नहीं बिहार में फ्लोर टेस्ट में नीतीश कुमार की सरकार बच गई लेकिन जदयू विधायक सुंधाशु शेखर ने अब आरजेडी नेताओं पर हॉर्स ट्रेडिंग के मामले में केस दर्ज कराया है। शेखर का आरोप है कि जदयू के विधायकों को तोड़ने के लिए 10-10 करोड़ रुपये का ऑफर दिया गया था। इतना ही नहीं सुप्रीम कोर्ट आदेश के बाद हेमंत सोरेन की भाभी सीता सोरेन पर मुकदमा चल सकेगा। टीएमसी नेता महुआ मोइत्रा ने अगर रिश्वत लेकर सवाल पूछा तब आपराधिक कार्रवाई हो सकती है।

## गहलोत ने मोदी सरकार से दोनों कार्यकाल के वादों का मांगा हिसाब



जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केन्द्र की मोदी सरकार पर अगली सरकार के सौ दिन की कार्ययोजना एवं अगले 25 साल पर चर्चा के नाम पर जनता को भ्रमित करने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि उसे पहले उसके वर्ष 2014 एवं 2019 के वादों का हिसाब देना चाहिए। श्री गहलोत ने सोशल मीडिया के जरिए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने हाल में बैठक कर चुनाव होने से पूर्व ही अगली सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना एवं अगले 25 साल पर चर्चा कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया है लेकिन पिछले दोनों चुनावों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं की क्रियान्विति रिपोर्ट आज तक नहीं दी है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पहले अपने वर्ष 2014 एवं 2019 के वादों का हिसाब दे क्योंकि 2014 में सौ दिन में विदेश से कालाधन वापस लाने एवं दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष जैसे जुमलों को जनता अभी भूली नहीं हैं। श्री गहलोत ने कहा कि देश के युवाओं को भावनात्मक मुद्दों से भ्रमित होने की बजाय कांग्रेस नेता राहुल गांधी की बातों, तथ्यों एवं चिंताओं को जान कर एवं सोच समझकर ही अपने बेहतर भविष्य के लिए वोट करना चाहिए।

# मैजिकल ट्रीटमेंट को असम सरकार ने किया बैन, ईसाई समुदाय नाराज

### -गैर-वैज्ञानिक हीलिंग प्रैक्टिस को क्राइम किया घोषित, प्रार्थना भी आई लपेटे में

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अब मैजिकल ट्रीटमेंट को असम सरकार ने बैन कर दिया है। इससे ईसाई समुदाय नाराज हो रहा है। क्योंकि इस बिल से प्रार्थना से इलाज भी लपेटे में आ गया है। बता दें कि पूर्वोत्तर राज्य असम में एक के बाद एक कई बड़े फैसले हो रहे हैं। कुछ समय पहले ही वहां की कैबिनेट ने स्वदेशी मुस्लिम आबादी के सामाजिक-आर्थिक सर्वे को मंजूरी दी। इससे उन मुस्लिमों को ज्यादा सुविधाएं मिल सकेंगी, जो असम के मूल निवासी हैं, जबकि बांग्लाभाषी समुदाय अलग छंट जाएगा। इस बात पर विरोध थमा भी नहीं था, कि हिमंत सरकार ने एक और बिल पारित कर दिया। असम हीलिंग (प्रिवेंशन ऑफ एविल) प्रैक्टिसेस बिल एक तरह से जादू-टोने और झाड़-फूंक से इलाज पर रोक लगाता है। लेकिन सवाल ये है कि इसपर कोई समुदाय क्यों खुद को निशाने पर आया महसूस कर रहा है। स्टेट में धर्मांतरण की शिकायतों के साथ ही उसका विरोध करने वाले



दल भी बढ़े।

पिछले महीने एक हिंदू समूह कुटुंब सुरक्षा परिषद ने स्थानीय मिशनरी स्कूलों से कहा कि वे अपने कैंपस से क्रिश्चियन प्रतीक हटा लें। एक और ग्रुप ने कई शहरों में कैंपेन चलाया, जिसमें स्कूलों से एंटी-भारत गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग है। संगठनों का कहना है कि स्कूलों का इस्तेमाल धार्मिक चीजों के लिए हो रहा है। इस गहमागहमी के बीच सोमवार, 26 फरवरी को वहां की विधानसभा में एक बिल पारित हो गया। कथित तौर पर ये ईसाई कम्युनिटी को टारगेट करने वाला है। हीलिंग प्रैक्टिसेस बिल में कहा गया है कि ये मासूम और भोले-भाले लोगों का शोषण करने के लिए बनी गैर-वैज्ञानिक हीलिंग प्रैक्टिस को क्राइम घोषित करता है।

इधर असम क्रिश्चियन फोरम नामक संगठन ने कहा कि ईसाइयों में मैजिकल हीलिंग जैसा कोई शब्द नहीं। यहां प्रेयर के जरिए इलाज होता है, जैसा दूसरे धर्मों में भी है। अगर कोई बीमार शख्स हमारे पास आए तो उसके लिए सामूहिक रूप से प्रार्थना की जाती है। ये जादू नहीं है, बल्कि पूरी दुनिया में ऐसा किया जाता है। क्रिश्चियन्स ही नहीं, कई धर्मों में प्रार्थना से इलाज की बात होती है। इसे फेथ हीलिंग भी कहते हैं। इसमें किसी बीमारी को ठीक करने के लिए व्यक्तिगत तौर पर या ग्रुप में दुआएं की जाती हैं। यही वजह है कि चंगाई सभाएं भी संदेह के घेरे में आने वाली हैं।

## नितिन गडकरी का नाम बीजेपी की लिस्ट में नहीं दिखा तो उद्धव ठाकरे भड़के





**मुंबई (एजेंसी)।** बीजेपी ने पहली लिस्ट से नितिन गडकरी को बाहर कर दिया तो शिवसेना (यूबीटी) चीफ उद्धव ठाकरे भड़क गए हैं। उन्होंने तो यहां तक कहा है कि हम मोदी, शाह को तो जानते तक नहीं हैं। ठाकरे ने भारतीय जनता पार्टी की पहली सूची जारी होने पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए यह बात कही है। इस दौरान उन्होंने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम लिस्ट में नहीं होने पर जमकर नाराजगी जाहिर की है।

गौरतलब है कि भाजपा ने शनिवार को 195 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान कर दिया है। इसके बाद रविवार को एक कार्यक्रम के दौरान ठाकरे ने कहा ?कि हम भाजपा को प्रमोद महाजन और गोपीनाथ मुंडे की वजह से जानते हैं। हमारे उनके साथ पारिवारिक संबंध हैं और महाजन को भाजपा-शिवसेना गठबंधन का आर्किटेक्ट कहा जाता था। उन्होंने कहा कि गडकरी बाद में आए। हम मोदी और शाह जैसे नामों को जानते भी नहीं थे। ठाकरे ने कहा, गडकरी ने मुंबई पुणे एक्सप्रेसवे और मुंबई में 55 फ्लायओवर बनाकर बहुत अच्छे काम किए हैं। वह कद्दावर भाजपा नेता हैं, लेकिन उनका नाम उम्मीदवारों की पहली सूची में नहीं है। उन्होंने जबकि आय से अधिक संपत्ति के मामले में फंसे कृपाशंकर सिंह का नाम लिस्ट में होने पर हैरानी जताई है। ठाकरे ने कहा कि दिल्ली में सरकार बनाने में महाराष्ट्र अहम रोल अदा करता है। यही वजह है कि पिछले चुनाव में भाजपा और शिवसेना ने 42 सीटें जीती थीं। उन्होंने दावा किया कि महाराष्ट्र की सीटों के बगैर एनडीए 250 सीटों का भी आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। उन्होंने कहा, कि इस बार भाजपा ने नारा दिया है कि अबकी बार 400 पार, लेकिन मैं कहता हूं कि अबकी बार भाजपा तड़ीपार। उन्होंने कहा कि वह मोदी के नहीं, बल्कि तानाशाही के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा, हमें लोकतंत्र चाहिए और इसलिए हम एक विकल्प पेश कर रहे हैं। हमारे बीच मतभेद हो सकते हैं, लेकिन हम साथ लोकतंत्र बचाने के लिए आए हैं। उन्होंने मणिपुर मुद्दे पर भी पीएम नरेंद्र मोदी से सवाल किया।

## केजरीवाल ईडी के जवाब देने को तैयार बोले- वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से होगी पूछताछ

नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के संयोजक ईडी की पूछताछ से लगातार बच रहे हैं। इस बार उन्होंने ईडी के जवाब देने के लिए एक शर्त रखते हुए कह दिया है कि यदि पूछताछ करना ही है तो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेशी के लिए तैयार हैं। उन्होंने इसके लिए ईडी को 12 मार्च के बाद की कोई तारीख देने को कहा है ।ईडी ने कथित शराब घोटाले से जुड़े कथित मनी लॉन्ड्रिंग केस में घिरे केजरीवाल को 27 फरवरी को 8वां समन भेजकर 4 मार्च को पेश होने के लिए कहा था। यह आठवीं बार है जब केजरीवाल ईडी के समन पर एजेंसी के सामने पेश नहीं हुए। केजरीवाल अब तक एक भी समन पर ईडी के सामने पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने हर बार इन समन को 'अवैध' करार दिया है। इससे पहले उन्होंने प्रवर्तन निदेशालय को भी पत्र लिखकर ये समन वापस लेने की मांग की थी। बता दें शराब घोटाले में पूछताछ के लिए कई बार समन भेजे जाने के बाद भी केजरीवाल के पेश नहीं होने को लेकर इस बारे में अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर अदालत ने केजरीवाल को 16 मार्च को उसके समक्ष पेश होने का निर्देश दिया है ।ईडी ने आठवां समन जारी करते हुए इस तर्क को खारिज कर दिया था कि केजरीवाल को पेश होने के लिए भेजा गया नया नोटिस अनुचित है, क्योंकि मामला स्थानीय अदालत में विचाराधीन है ।आप के अनुसार, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय को जवाब भेजा है। उन्होंने कहा कि समन गैरकानूनी है, लेकिन फिर भी वह जवाब देने को तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल ने ईडी से 12 मार्च के बाद की तारीख मांगी है।

## गढ़ी चौखंडी गांव में युवक ने की आत्महत्या

नोएडा। थाना फेस-3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गांव में किराए पर रहने वाले एक युवक ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। थाना प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि सोमवार को सूचना मिली की गढ़ी चौखंडी गांव में रहने वाले दीपक कुमार पासवान ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया प्रारंभिक जांच में पता चला कि दीपक कुमार पासवान मूल रूप से मोतीहारी बिहार का रहने वाला था और हाल में गढ़ी चौखंडी गांव में किराए पर रह रहा था वह एक निजी कंपनी में काम करता था मृतक के पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिलने की वजह से आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर उसके परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

## 11 को होगा एक मूर्ति पर एफओबी का उद्घाटन

### दो अन्य स्थानों पर भी बनेंगे एफओबी : अन्नपूर्णा गर्ग



**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** 11 मार्च को एक मूर्ति वाले फुटओवर ब्रिज (एफओबी) का उद्घाटन किया जाएगा। बता दें कि इकोविलेज वन और यथार्थ हॉस्पिटल के पास ही फुटओवर ब्रिज बनाया जाएगा। अगले कुछ दिनों के भीतर फुटओवर ब्रिज का काम शुरू हो जाएगा और अगले कुछ महीने के अंदर ही बनकर तैयार भी हो जाएगा।

ग्रेटर नोएडा ईस्ट और ग्रेटर नोएडा वेस्ट में काफी समय से फुटओवर ब्रिज बनाने की मांग उठ रही है। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में एक मूर्ति गोल चक्कर के पास फुटओवर ब्रिज बन गया है और 11 मार्च को इसका उद्घाटन किया जाएगा।

यथार्थ हॉस्पिटल और एक अन्य स्थान पर फुटओवर ब्रिग को लेकर विवाद था। निवासियों ने यथार्थ हॉस्पिटल और इकोविलेज सोसायटी के पास फुटओवर ब्रिज बनाने की काफी समय से मांग कर रहे हैं, लेकिन जगह चिन्हित नहीं की जा रही थी।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अपर मुख्य कार्यपालिका अधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग (आईएएस) ने कहा कि यथार्थ हॉस्पिटल के पास और अन्य दो स्थानों पर बहुत जल्द फुटओवर ब्रिज बनाने का काम शुरू हो जाएगा।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के साथ ही अलावा कैलाश अस्पताल के सामने, जगत फार्म के सामने, निराला स्टेट के सामने और सुपरटेक इकोविलेज के सामने भी फुटओवर ब्रिज बनाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि सभी फुटओवर ब्रिज बनने के बाद ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को करीब 9 लाख रुपए का फायदा हर महीने होगा।



## मुख्य चयनकर्ता की नाराजगी श्रेयर को भारी पड़ी

**नई दिल्ली ।** बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अनुबंध से बाहर रखे गये के बाद से ही सवाल उठाये जा रहे हैं। वहीं बोर्ड का कहना है कि उनका नाम वार्षिक रिटेनरशिप पाने के लिए 30 खिलाड़ियों में शामिल करने की सिफारिश नहीं की गई थी। वहीं अब इसके कारणों का अनुमान लगाया जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार अय्यर जब पीठ की समस्या के कारण बड़ौदा के खिलाफ मुंबई के रणजी ट्रॉफी क्वार्टर फाइनल से हटे थे तो यह मामला और भड़क गया था क्योंकि राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) ने उन्हें फिट करार दिया था। वहीं माना जा रहा है कि बीसीसीआई के मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर इस बात से नाराज थे कि श्रेयस आईपीएल के लिए केकेआर की अकादमी में अभ्यास कर रहे थे। श्रेयस आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान हैं। मुख्य चयनकर्ता होने के कारण अगरकर ही केंद्रीय अनुबंधों को अंतिम रूप देते हैं। इस कारण अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से हटा दिया गया था। श्रेयस का प्रदर्शन पिछले साल हुए पुरुष एकदिवसीय विश्व कप 2023 में अच्छा रहा था। उन्होंने 11 मैचों में 530 रन बनाए थे जिसमें वानखेड़े स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक भी शामिल था। वह पीठ की चोट से परेशान रहे थे पर विश्वकप में खेलने के लिए उन्होंने कड़ी मेहनत की थी और अपनी फिटनेस हासिल की थी। अय्यर को इंग्लैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट में भी मौका दिया गया था लेकिन वह हैदराबाद में 35 और 13 का स्कोर ही बना पाए। इसके बाद विशाखापत्तनम में भी वह 27 और 29 रन बना पाए। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी तीन टेस्ट मैचों के लिए भारत की टीम से बाहर कर दिया गया।

# टी20 विश्वकप में भारतीय टीम के 'ट्रंप कार्ड' साबित हो सकते हैं कुलदीप

**नई दिल्ली ।**



जून में अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्वकप में चाइनामैन स्पिनर कुलदीप यादव भारतीय टीम के लिए 'ट्रंप कार्ड' साबित हो सकते हैं। वर्ष 2018-19 के खराब प्रदर्शन और 2021 में घुटने की सर्जरी के बाद से ही कुलदीप ने प्रकार से शानदार वापसी की है। उससे उनका मनोबल भी बढ़ा है। अंतरराष्ट्रीक्रिकेट में मार्च 2017 में इंटरनेशनल डेब्यू करने वाले कुलदीप अब परिपक्व व गेंदबाज बन चुके हैं। गेंदों की गति में लगातार बदलाव और विविधता के कारण उन्हें खेलना किसी भी बल्लेबाज के लिए आसान नहीं होता। वह विरोधी बल्लेबाजों को परेशान कर ज्यादातर बार विकेट हासिल करने में सफल होते हैं। गेंदबाजी के इसी कौशल ने कुलदीप को अलग पहचान दी है। उनकी गुगली पढ़ने में बेहतरीन बल्लेबाज भी विफल रहे हैं। सीमित ओवर के क्रिकेट में आज वह टीम इंडिया के भरोसेतंद स्पिनर हैं। अब तक के प्रदर्शन से इस गेंदबाज ने अपने लंबी रेस का घोड़ा साबित किया है। आर अश्विन और रवींद्र जडेजा जैसे दिग्गजों की मौजूदगी में बाएं हाथ के इस कलाई के स्पिनर को टेस्ट क्रिकेट खेलने के सीमित मौके मिले हैं पर जब भी अवसर मिला, उन्होंने अपने प्रदर्शन से प्रभाव छोड़ा है। वनडे और टी20 में कुलदीप टीम इंडिया के वह अग्रगी स्पिनर हैं। एकदिवसीय विश्व 2023 के 11 मैचों में कुलदीप ने 28.26 के औसत से 15 विकेट लिए थे।

अंतराष्ट्रीय क्रिकेट के तीनों प्रारुपों में पारी में पांच विकेट हासिल करने वाले देश के एकमात्र गेंदबाज हैं। पिछले एक साल में किए गए इस शानदार प्रदर्शन का फायदा कुलदीप को केन्द्रीय अनुबंध में से से बी ग्रेड मिला है। वहीं इसी माह होने वाले आईपीएल में भी कुलदीप पर सभी की नजरें रहेंगी। वह दिल्ली कैपिटल्स के लिए अंतर पैदा करते नजर आएंगे। दिल्ले ली कैपिटल्स ने 2022 में दो करोड़ रुपये की राशि में उन्हें अपने साथ जोड़ा था। आईपीएल 2022 में जबर्दस्त प्रदर्शन करते हुए इस चाइनामैन बॉलर ने 14 मैचों में 19.95 के औसत से 21 विकेट लिए थे लेकिन पिछला सीजन कुलदीप और उनकी टीम के लिए अच्छा नहीं रहा था। तब कुलदीप को 14 मैचों में 36.10 के औसत से 10 विकेट ही मिल पाए थे।

## खास खबर



## न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज ओरूर्के टेस्ट से बाहर हुए , सीयर्स शामिल

**वेलिंगटन ।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज विल ओरूर्के चोटिल होने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाले दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच में नहीं खेलेंगे। ओरूर्के की मांसपेशियों में खिंचाव आया है। अब उनकी जगह पर बेन सीयर्स को टीम में शामिल किया गया है। सीयर्स ने न्यूजीलैंड की ओर से अभी तक 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेले हैं पर अभी तक कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ क्राइस्टचर्च में होने वाले टेस्ट मैच से वह टेस्ट डेब्यू करेंगे। न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे भी चोटिल होने के कारण पहले ही टीम से बाहर हो गये थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 सीरीज में उनके अंगूठे में चोट लग गई थी जिसके लिए उनकी सर्जर होगी। इस कारण वह कम से कम आठ सप्ताह तक खेल से दूर रहेंगे। वहीं न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने बताया कि ओरूर्के करीब एक माह तक मैदान से बाहर रहेंगे। उन्होंने कहा कि सीयर्स ने अपने प्रदर्शन से अब तक सभी को प्रभावित किया है। स्टीड ने कहा, ' स्टोक्स अच्छे कौशल वाला युवा गेंदबाज है। वह अच्छी गति से गेंदबाजी करता है और उसे अच्छी उछाल मिलती है जो टेस्ट क्रिकेट में बेहद अहम होती है। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने इस सीरीज का पहला टेस्ट मैच 172 रन से जीत कर सीरी में पहले ही 1-0 की बढ़त ली हुई है।

## महिला प्रीमियर लीग : लैनिंग के अर्धशतक से गुजरात जायंट्स को हराकर शीर्ष पर पहुंची दिल्ली कैपिटल्स

**बेंगलुरु ।** कप्तान मेग लैनिंग के शानदार अर्धशतक के बाद जेस जोनासेन और राधा यादव की अच्छी गेंदबाजी से महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) क्रिकेट के 10वें मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने गुजरात जायंट्स को 25 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही दिल्ली कैपिटल्स बेहतर नेट रन रेट के आधार पर अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लैनिंग ने 41 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाकर 55 रन बनाये। टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 163 रन बनाये। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए गुजरात जाइंट्स 20 ओवरों में आठ विकेट पर 138 रन ही बना पायी। जोनासेन और राधा ने तीन-तीन विकेट लिए। दिल्ली के अब चार मैचों में छह अंक हैं, जो मुंबई इंडियंस के समान है पर दिल्ली कैपिटल्स के 1.251 की तुलना में उनका स्कोर 0-402 कम है। वहीं यूपी वारियर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के चार-चार अंक हैं और वे तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। गुजरात टाइटंस सभी मैच हारने के कारण शून्य अंकों के साथ सबसे निचले स्थान पर है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए लैनिंग ने दिल्ली कैपिटल्स की पारी को संभाला क्योंकि तीसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा 13 रन बनाकर आउट हो गयीं थीं। इसके बाद लैनिंग और एलिस कैप्सी ने दूसरे विकेट के लिए 38 रन बनाये। मेघना 27 रन बनाकर आउट हुई। जेमिमा रोड्रिग्स भी इस मैच में विफल रही। वहीं गुजरात टाइटंस की ओर से मेघना ने 4 जबकि एशले गार्डनर ने 2 विकेट लिए।

# चिली ओपन: फाइनल मुकाबले में सेबेस्टियन बेज ने एलेजांद्रो को हराया



**सैंटियागो,**

अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज ने चिली के एलेजांद्रो टेबिलो को 3-6, 6-0, 6-4 से हराकर चिली ओपन, एटीपी 250 इवेंट और अपने करियर का छठा और लगातार दूसरा खिताब अपने नाम किया. इस खिताबी जीत के साथ 23 वर्षीय सेबस्टियन बेज सोमवार को एटीपी रैंकिंग में अपने करियर के बेस्ट 19वें नंबर पर पहुंच जाऐंगे और अपने हमवतन फ्रांसिस्को सेरुंडोलो को पीछे छोड़ते हुए सर्वश्रेष्ठ रैंक हासिल कर लेंगे. रविवार को मिली जीत के साथ बेज ने दो हफ्ते तक अपना विजय रथ जारी रखा, जिसमें उन्होंने रियो डी जनेरियो में एटीपी 500 और चिली ओपन जीता. बात अगर चीली ओपन फाइनल मुकाबले की करें तो टेबिलो ने तेज शुरुआत की और शुरुआती सेट अपने नाम कर लिया. हालांकि, बेज ने दमदार वापसी की और दो सेट लगातार जीते. बेज ने मैच के बाद कहा, मेरे मन में कई भावनाएं हैं. मैच की शुरुआत में मुझे अच्छा महसूस नहीं हो रहा था. मैच बेहद शानदार रहा और तीनों सेट एक दूसरे से काफी अलग थे. मैच उतार-चढ़ाव से भरा था. इसलिए, मैं बस अपनी टीम के साथ इसका आनंद लूंगा क्योंकि हमने यहां आने



के लिए और उच्च रैंकिंग हासिल करने के लिए कई वर्षों से संघर्ष किया है.

# गंभीर ने आईपीएल को सबसे कठिन लीग बताया

### जीत के लिए करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नई दिल्ली ।**

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मेंटर गौतम गंभीर ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को सबसे मुश्किल लीग बताते हुए कहा कि इसे जीतने के लिए उनकी टीम को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। अपनी कप्तानी में केकेआर को दो बार जीत दिलाने वाले गंभीर हाल ही में फ्रेंचाइजी में मेंटोर के तौर पर जुड़े हैं। गंभीर ने कहा कि आईपीएल मानकों के मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे करीब है और यह दुनिया की सबसे कठिन लीग है।

गंभीर ने कहा कि मैंने पहले दिन ही साफ कर दिया था कि ये लीग मेरे लिए एक गंभीर क्रिकेट है। यह बॉलीवुड के बारे में नहीं है, यह आपके बारे में नहीं है, यह पार्टी और अन्य चीजों के बारे में नहीं है। यह बाहर जाने और प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलने के बारे में है। मुझे लगता है कि यह दुनिया की सबसे कठिन लीग है क्योंकि यह उचित क्रिकेट है। यह शायद किसी भी अन्य लीग की तुलना में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सबसे करीब है और यदि आप एक सफल फ्रेंचाइजी के रूप में पहचान बनाना चाहते हैं, तो आपको क्रिकेट के मैदान पर अच्छा प्रदर्शन करने में सक्षम होना चाहिए। टीम को अपना पहला मुकाबला 23 मार्च को सनराइजर्स हैदराबाद से खेलना है। इसमें केकेआर का लक्ष्य जीत से



शुरुआत करना रहेगा। उन्होंने टीम के प्रशंसकों की भी सराहना करते हुए उन्हें भावुक बताया है। गंभीर ने कहा कि केकेआर के पास बहुत भावुक प्रशंसक हैं। हमें उनके लिए ईमानदार होने की जरूरत है। हमें कोशिश करने की जरूरत है और शायद उनकी मुस्कुराहट पर वह खुशी लाने की जरूरत है क्योंकि मेरा हमेशा से मानना रहा है कि सबसे वफादार प्रशंसक कोलकाता के प्रशंसक रहे हैं।

# विश्व एथलेटिक्स में भारत की प्रियंका को मिला सातवां स्थान

**बीजिंग ।**



भारत की प्रियंका गोस्वामी ने चीन में जारी विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टूर में सातवां स्थान हासिल किया है। प्रियंका ने एक घंटे 29 मिनट और 48 सेकेंड का समय लिया। यह देश के बाहर उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होने के साथ ही करियर का तीसरा सर्वश्रेष्ठ समय है। इससे पहले उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन साल 2021 में 1:28:45 सेकेंड (राष्ट्रीय रिकॉर्ड) और 2023 में 1:28:50 सेकेंड का रहा था। इस प्रतियोगिता में पैदल चाल स्पर्धा की शीर्ष एथलीट शामिल रहीं थीं। इस एथलीट ने विश्व एथलेटिक्स पैदल चाल टूर में तीसरा व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं 20 किमी में वह सातवें स्थान पर रहीं। इसमें शीर्ष छह में पांच स्थान चीनी एथलीटों को मिले। इसमें एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता झेनजिया एमए ने 1:26:07 सेकेंड का समय निकलाकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं चीन की ही जियायु यांग 1:26:07 सेकंड का समय निकालकर दूसरे स्थान पर रहीं जबकि 2020 तोक्यो ओलंपिक की कांस्य विजेता हांग लियू 1:26:47 सेकंड का समय निकाल कर तीसरे स्थान पर रहीं। गौरतलब है कि प्रियंका आगामी गोस्वामी पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए पिछले दो महीनों से ऑस्ट्रेलिया में कैनबरा के पास ऊंचाई पर बने ट्रेनिंग सेंटर में पैदल चाल कोच ब्रेंट वालेंस के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग ले रही थीं।

## आईपीएल 2024 : सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी करेंगे कमिंस

**नई दिल्ली ।** सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17 सत्र के लिए ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम का नया कप्तान बनाया है। सीएसके ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कमिंस को कप्तान बनाये जाने की बात सार्वजनिक की है। वहीं गत दो सत्र में दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज एडेन मार्कराम टीम के कप्तान थे पर वह टीम को जीत नहीं दिला पाये। आईपीएल 2023 सत्र में टीम 14 मैचों में से केवल चार मैच ही जीत पायी थी। वहीं कमिंस की कप्तान में ऑस्ट्रेलियाई टीम का प्रदर्शन बेहतरीन रहा था। टीम ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के अलावा एशेज और एकदिवसीय विश्वकप भी जीता जिससे कमिंस की नेतृत्व क्षमता साबित हुई है। यह पहली बार होगा जब कमिंस आईपीएल में किसी टीम की कप्तानी करते हुए दिखेंगे। वह डेविड वार्नर के बाद हैदराबाद के कप्तान बनने वाले दूसरे ऑस्ट्रेलियाई भी बन गए जिन्होंने 2015 से 2021 तक 67 मैचों में फ्रेंचाइजी का नेतृत्व किया। पिछले साल दुबई में आईपीएल नीलामी में कमिंस को फ्रेंचाइजी ने 20.5 करोड़ रुपए में खरीदा था, जिससे वह लीग के इतिहास में दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए थे। कमिंस इससे पहले आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का हिस्सा रहे हैं। आईपीएल 2016 की विजेता सनराइजर्स हैदराबाद 23 मार्च को ईडन गार्डन्स में दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी।



# मैनचेस्टर सिटी के मैनेजर गार्डियोला की रणनीति अपनाएं स्टोक्स : वॉन

**लंदन ।**

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने कहा है कि कप्तान बेन स्टोक्स को मैनचेस्टर सिटी फुटबॉल क्लब के मैनेजर पेप गार्डियोला वाली रणनीति अपनानी चाहिये। वॉन के अनुसार भारतीय टीम के खिलाफ स्टोक्स की 'बैजबॉल रणनीति विफल रही है। इससे टीम के हाथों सीरीज निकल गयी है। ऐसे में उन्हें गार्डियोला की रणनीति बनानी चाहिये जिसमें कहा गया है कि किसी भी खिलाड़ी को अपने स्थान को हल्के में नहीं लेना चाहिए। गार्डियोला पिछले 15 साल में खेल के सर्वश्रेष्ठ मैनेजर बने हुए हैं। पूर्व कप्तान ने कहा कि कोच ब्रैंडन मैकुलम और स्टोक्स की आक्रामक रणनीति भारत के मौजूदा दौरे पर कारगर नहीं रही है। इंग्लैंड की टीम 5 मैच की टेस्ट श्रृंखला में 1-3 से पीछे है जबकि उसने पहला टेस्ट हैदराबाद में जीता था।

वॉन ने इंग्लैंड के बल्लेबाजों के रवैये पर भी सवाल उठाए हैं। साथ ही कहा कि कि उन्हें जिम्मेदारी से खेलना होगा। उन्होंने कहा , मैं आमतौर पर गार्डियोला के रवैये का जिक्र करता हूं।

मेरी नजरों में वह इस पीढ़ी और आप कह सकते हैं कि पिछले 15 साल से खेल के सबसे बेहतर मैनेजर हैं। वह अपने खिलाड़ियों को कभी भी सहज नहीं होने देते। वह हमेशा उन्हें सोचते रहने देते हैं क्योंकि खिलाड़ी जानते हैं कि उनकी जगह पक्की नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर उनके जैसा मैनेजर सभी खिलाड़ियों को सतर्क बनाए रखता है तो इंग्लैंड क्रिकेट टीम को भी इस तरह सहज नहीं होना चाहिए जैसी वह लगती है। उन्होंने कहा कि पूरा बल्लेबाजी लाइन अप पहले ही जानता है कि इस दौरे पर वे अगले मैच में भी खेलेंगे पर ऐसा नहीं होना चाहिये।

इस दौरे के बाद हैरी ब्रुक वापसी कर लेगा। वह 5वें नंबर पर बल्लेबाजी करेगा। वॉन ने साथ



ही इंग्लैंड की चयन नीति पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि चयन में खिलाड़ियों की निरंतरता से उन्हें सहज बनाना सही है पर अगर उससे हार मिल रही है तो बदलाव भी जरुरी है।

## शार्दुल ने रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में छक्का लगाकर शतक पूरा किया

**नई दिल्ली ।**



टीम इंडिया से बाहर चल रहे ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने रणजी ट्रॉफी में मुंबई की ओर से खेलते हुए सेमीफाइनल मुकाबले में तमिलनाडु के खिलाफ शानदार शतक लगाया है। ये शार्दुल के करियर का पहला शतक है। शार्दुल ने छक्का जड़कर अपना शतक पूरा करने के बाद अपने ही अंदाज में जश्न भी मनाया। शार्दुल ने 9वें नंबर पर उतरकर 13 चौके और 4 छक्के लगाकर 104 गेंदों पर 109 रन बनाए। शार्दुल ने शतक लगाने के बाद हवा में उछलकर मुक्का मारा और अपनी टीम के ड्रेसिंगरूम की ओर उंगली दिखाई। मुम्बई टीम के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने भी ताली बजाकर उनके शतक की खुशी मनायी। शार्दुल ने पहले गेंदबाजी में 2 विकेट लिए और उसके बाद जबरदस्त बल्लेबाजी की। वहीं पहली पारी में उन्होंने 2 विकेट भी लिए थे। इस मुकाबले में मुम्बई ने तमिलनाडु को पहली पारी में 146 रन पर आउट करने के बाद अपनी पहली पारी में 9 विकेट पर 353 रन बना लिए थे। इस प्रकार मुंबई की बढ़त 207 रन पहुंच गयी है। टीम को बड़ी बढ़त दिलाने में शार्दुल की अहम भूमिका रही। शार्दुल का कहना है कि उनकी नजर अभी टीम इंडिया में वापसी पर नहीं है। अभी वह रणजी ट्रॉफी के बाद आईपीएल पर ध्यान देंगे। शार्दुल ने अबतक 11 टेस्ट , 47 एकदिवसीय और 25 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेले हैं। दिसंबर में उन्होंने अंतिम बार दक्षिण अफ्रीक के खिलाफ एक टेस्ट खेला था। उसके बाद से ही वह टीम से बाहर हैं।

## पाटीदार को अभी अवसर दिये जाने के पक्ष में हैं डिविलियर्स



**नई दिल्ली ।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान एबी डिविलियर्स ने भारतीय टीम के युवा बल्लेबाज रजत पाटीदार की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे अभी और अवसर दिये जाने चाहिये। रजत ने इंग्लैंड के खिलाफ अब तक तीन टेस्ट खेले हैं। जिसमें वह विफल रहे हैं जिससे ये आशंकाए लगायी जा रही हैं कि उन्हें अब आगे शायद ही जगह मिले। वहीं डिविलियर्स का कहना है कि रजत आखिरी टेस्ट में भी शामिल किये जा सकते हैं। डिविलियर्स ने कहा अगर पाटीदार का प्रदर्शन आकर्षक है और अगर वह ड्रेसिंग रूम में एक पसंदीदा खिलाड़ी है, तो रोहित और चयन समिति के पास यह कहने की क्षमता होगी कि हमें विश्वास है कि इस खिलाड़ी का भविष्य अच्छा है और हम उसे टीम के एक हिस्से के रूप में देखते हैं। टीम आगे बढ़ रही है। भले ही वह रन नहीं बना रहा हों उन्हें थोड़ा लंबे समय तक खेलने का मौका दो। वहीं अब माना जा रहा है कि टीम प्रबंधन भी पाटीदार को एक और अवसर दे सकता है क्योंकि उनको इस खिलाड़ी की प्रति पर काफी भरोसा है। प्रबंघन का मानना है कि एक बार उनके बल्ले से रन आ गए तो वह अपने असली रंग में नजर आएंगे। रजत का प्रदर्शन घरेलू क्रिकेट के साथ ही आईपीएल के पिछले सत्रों में काफी अच्छा रहा है।



# दुखों का लंबा सफर तय किया है राइटर शुगफ्ता ने

कई बॉलीवुड फिल्मों की सुपरहिट कहानियों लिखने वाली राइटर शुगफ्ता रफीक की असल जिंदगी भी किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। शुगफ्ता रफीक बॉलीवुड की ऐसी राइटर हैं जिन्होंने अपने पैशन को फॉलो करने से पहले जिंदगी में दुखों का एक लंबा सफर तय किया है।

बचपन में परिवार का पेट पालने के लिए बार में काम किया। इसके बाद पैसों की तंगी और नौकरी के लिए दुबई में भी काम किया। लेकिन आखिरकार शुगफ्ता का जुनून और काम से मोहब्बत उन्हें मुंबई खींच लाई। आज शुगफ्ता बॉलीवुड की सबसे हिट फीमेल राइटर्स में टॉप पर गिनी जाती हैं। बॉलीवुड को दर्जन भर से ज्यादा सुपरहिट फिल्में देने वाली शुगफ्ता रफीक का जन्म 20 सितंबर 1986 को मुंबई में हुआ था। शुगफ्ता रफीक ने एक इंटरव्यू में अपनी निजी जिंदगी का पूरा खुलासा किया था। जिसमें शुगफ्ता ने बताया था कि शुगफ्ता बॉलीवुड अभिनेत्री सईदा खान की मां द्वारा गोद लीं गईं थीं। उन्हें असली मां-बाप के बारे में कोई जानकारी नहीं है। सईदा खान 60 और 70 के दशक की मशहूर हीरोइन रहीं हैं और कई फिल्मों में काम किया। सईदा खान का जीवन किसी फिल्मी कहानी से कम नहीं है। सईदा खान को उनके पति बृज सदाना ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया था। शुगफ्ता बताती हैं कि मुझे घर में मेरी मां के अलावा मेरी बहन सईदा खान प्यार करती थीं। सईदा खान एक्टिंग कर घर का खर्चा चलातीं थीं। मैं काफी छोटी थी। लेकिन सईदा की शादी के बाद घर में खाने के लाले पड़ गए। मेरी मां घर चलाने के लिए कभी साड़ी तो कभी अन्य सामान बेचकर हमारा पेट भरती थी। कपड़े भी उतरन पहना करते थे। उस दौरान हमारी किसी ने भी मदद नहीं की। शुगफ्ता बतातीं हैं कि आर्थिक तंगी की वजह से मैंने 7वीं में ही पढ़ाई छोड़ दी थी। साथ ही मुझे गणित समझ नहीं आती थी। लेकिन मेरे आस-पास अंग्रेजी बोलने वाले लोग थे। जिसका मुझपर असर हुआ।

शुगफ्ता ने बताया कि उन्होंने अपनी अंग्रेजी ठीक करने का फैसला लिया और घर के पास की लाइब्रेरी में जाकर किताबें पढ़ने लगीं। यहीं से शुगफ्ता को पढ़ने का शौक लगा और उन्होंने अंग्रेजी सुधार ली। मैं एक राइटर बनना चाहती थी। लेकिन कोई मुझे लेखनी के लिए मौका नहीं देता था। हालांकि मुझे डांस के लिए ऑफर आने लगे थे। इसके बाद शुगफ्ता के दोस्त ने उन्हें दुबई में नौकरी करने की सलाह दी। शुगफ्ता दुबई चलीं गईं और उन्होंने यहां बीयर बार में डांसर के तौर पर काम किया। इसके बाद गाने की दुनिया में आ गईं।हालांकि यहां से शुगफ्ता रफीक ने बॉलीवुड में अपना करियर बनाने का फैसला लिया और मुंबई लौट आईं। यहां आकर शुगफ्ता ने फिल्मों की कहानियां और डायलॉग लिखने का काम शुरू कर दिया।

शुगफ्ता ने साल 2006 में 'वो लम्हे' से अपने करियर की शुरुआत की। लेकिन साल 2007 में शुगफ्ता ने फिल्म आवारापन की कहानी और डायलॉग लिखे। इमरान हाशमी स्टारर ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने में सफल रही। इसके बाद शुगफ्ता का करियर भी चल निकला। आज शुगफ्ता बॉलीवुड की सबसे सुपरहिट राइटर्स में गिनी जाती हैं और अब तक 21 से ज्यादा फिल्मों की कहानियां-डायलॉग लिख चुकी हैं। बता दें कि शुगफता ने 'आशिकी-2', 'आवारापन', 'धोखा', 'राज-3', 'मर्डर-2' और 'जिस्म 2' समेत 21 से ज्यादा हिट फिल्मों के लिए कहानियां लिखी है।



## लाइम ग्रीन कलर के गाउन में सारा ने दिखाया अपना किलर लुक

सारा अली खान का शुमार हिन्दी फिल्म इंडस्ट्री की खूबसूरत और काबिल अदाकाराओं में किया जाता है. एक तरफ जहां लोग उनकी खूबसूरती पर मर मिटते हैं, वहीं उनकी बोल्डनेस और ग्लैम लुक के भी दीवाने हैं. सारा ने अपने फैंस को विजुअली ट्रीट किया है.सारा अली खान ने ग्रीन थाई हाई स्लिट कट ड्रेस में फोटोज शेयर किए हैं. वो लाइम ग्रीन कलर की गाउन ड्रेस में बेहद खूबसूरत लग रही हैं.एक्ट्रेस थाई-हाई कट ऑफ शोल्डर गाउन में बेहद बोल्ड अवतार में नजर आ रही हैं. जितनी हसीन वो हैं, उतना ही मस्त उनका अंदाज है.एक्ट्रेस ने लेटेस्ट फोटोशूट में मिनिमम मेकअप, बेहद स्टाइलिश ईयररिंग्स के साथ अपने लुक को पूरा किया है. देखने वालों की नजरें उन पर टिक गई हैं.सारा अली खान स्टाइलिश क्वीन कही जाती हैं. उनका स्टाइलिश लुक देखकर हर किसी की आंखें खुली की खुली की खुली रह गईं. उनका जादू फैंस के सर चढ़कर बोल रहा है.फोटोशूट के दौरान सारा के फेस पर कमाल का ग्लो नजर आ रहा है. वो कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करके दिलों का करार छीन रही हैं. फैंस को उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आ रही हैं.सारा अली खान जल्द ही फिल्म मर्डर मुबारक में नजर आएंगी. इसमें पंकज त्रिपाठी, विजय वर्मा, डिंपल कपाडिय़ा, करिश्मा कपूर और टिस्का चोपड़ा उनके साथ स्क्रीन शेयर करेंगी. एक्ट्रेस की ऐ वतन मेरे वतन और मेट्रो... इन दिनो भी रिलीज के लिए तैयार है.



## करण जौहर के कारण दिशा पटानी बनी अभिनेत्री

सिद्धार्थ मल्होत्रा, दिशा पटानी और राशि खन्ना स्टारर योद्धा इस साल की बहुप्रतिक्षित फिल्मों में से एक है। इस हार्ड कोर एशन थ्रिलर फिल्म को लेकर दर्शकों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से योद्धा को दर्शकों के बीच चर्चा का विषय बनी हुई है। फिल्म का निर्माण करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले किया गया है, फिलहाल फिल्म की स्टारकास्ट इसके प्रमोशन में जुटी हुई है। इस दौरान एक साक्षात्कार में फिल्म की मुख्य कलाकार दिशा पटानी ने अपने अभिनेत्री बनने के सफर को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया। दरअसल, मेकर्स ने गुरुवार को फिल्म का ट्रेलर जारी किया। इस दौरान फिल्म की पूरी टीम और मेकर्स ने इसमें हिस्सा लिया, जहां पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए दिशा पटानी ने अपने अभिनेत्री बनने के सफर को लेकर एक दिलचस्प खुलासा किया। दिशा ने कहा, जब मैं अठारह साल की थी, तभी करण जौहर ने उन्हें देखा था और उन्हें विश्वास दिलाया था कि मैं एक अभिनेत्री बन सकती हूं। दिशा ने आगे कहा, अगर मैं अभिनेत्री हूं, तो इसका एक यह भी है, जब मैं मॉडलिंग कर रही थी तो उसी दौरान करण ने मुझे देखा था। तब मैं सिर्फ 18 साल की थी। मुझे लगता है कि तब अगर करण ने मुझे पर विश्वास नहीं दिखाया होता तो शायद मैं आज यहां नहीं होती। इस दौरान दिशा ने नेपोटिज्म की ओर इशारा करते हुए कहा, मैं इंडस्ट्री से बाहर की हूं, लेकिन मुझे इसका कभी एहसास नहीं हुआ। मुझे वे मौके मिले,जो मैं चाहती थी। करण ने मुझे योद्धा में जो मौका दिया वह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।

## भंसाली जैसा कोई और नहीं : ऋचा चड्ढा



बालीवुड एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा की अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी ־द डायमंड बाजार की घोषणा की गई थी। एक्ट्रेस ने भंसाली के साथ काम करने के बारे में बात करते हुए कहा, संजय लीला भंसाली जैसा कोई और नहीं है, जो आपको 30 किलो के कॉस्ट्यूम में 8 राउंड लगवा सकता है। क्लोज-अप शॉट के लिए आपकी बाईं आंख से आंसू निकलवा सकता है। जब तक आप संजय लीला भंसाली के साथ काम नहीं करेंगे तब तक आपको अपनी असली क्षमता का पता नहीं चलेगा। अपकमिंग वेब सीरीज हीरामंडी ־द डायमंड बाजार से भंसाली का ओटीटी डेब्यू होगा। इसमें सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल और संजीदा शेख भी हैं। यह सीरीज 1940 के दशक के भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की उथल-पुथल भरी पृष्ठभूमि पर आधारित वेश्याओं और उनके संरक्षकों की कहानियों के माध्यम से हीरामंडी की सांस्कृतिक वास्तविकता की पड़ताल करती है। नेटफिलक्स के स्लेट इवेंट में एक्ट्रेस ऋचा चड्ढा ने फिल्म मेकर संजय लीला भंसाली की जमकर प्रशंसा की।

## विश्वनाथ की भक्ति में लीन दिखीं एक्ट्रेस तमन्ना



हाल ही में बालीवुड एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया काशी विश्वनाथ मंदिर पहुंचीं। इस अवसर पर कुछ लेटेस्ट तस्वीरों को तमन्ना ने इंस्टा अकाउंट पर शेयर किया है। तस्वीरों में एक्ट्रेस विश्वनाथ की भक्ति में लीन दिखीं। गले में हार, माथे पर टीका लगाए तमन्ना बेहद ही प्यारी लग रही हैं। इन फोटो में आप देख सकते हैं कि वह वाराणसी के काशी विशननाथ मंदिर परिसर में नजर आ रही हैं। बनारस गंगा घाट पर बैठकर साउथ अदाकार सुहाने मौसम का आनंद भी लेती नजर आ रही हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान शिव की ज्योर्तिलिंग को स्पर्श करती हुईं दिखाई दे रही हैं। इन तस्वीरों के कैप्शन में उन्होंने हर हर महादेव भी लिखा है। फैंस तमन्ना की इन तस्वीरों को काफी पसंद कर रहे हैं।

## आर्टिकल 370 भी बनी बड़ी हिट

आदित्य धर के प्रोडक्शन में बनी आर्टिकल 370 भी बड़ी हिट बन गई है। शुक्रवार को सस्ते टिकट दामों के साथ आई आर्टिकल 370 ने दमदार ओपनिंग कलेक्शन के साथ बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत की। यामी गौतम के शानदार काम से सजी इस फिल्म को पहले दिन से ही क्रिटिक्स की तारीफ और जनता का पॉजिटिव रिस्पॉन्स जमकर मिला है। थिएटर्स में यामी की फिल्म ने अब एक हफ्ता पूरा कर लिया है और दमदार कमाई के साथ दूसरे हफ्ते की शुरुआत करने जा रही है। यामी की फिल्म को चारों तरफ से मिल रही तारीफों का खूब फायदा मिला और पहले वीकेंड में आर्टिकल 370 ने बहुत दमदार कमाई की।

अपने पहले वीकेंड में 25 करोड़ से ज्यादा का कलेक्शन करके आई ये फिल्म सोमवार को भी टिकने में कामयाब रही। वर्किंग डेज में भी बॉक्स ऑफिस पर इसकी रफ्तार दमदार बनी रही और सोमवार से बुधवार तक फिल्म ने रोजाना 3 करोड़ रुपये से ज्यादा कलेक्शन करना जारी रखा। गुरुवार को भी आर्टिकल 370 ने अपना ये रूटीन बरकरार रखा है। सातवें दिन फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 3.07 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। इसके साथ ही अब पहले हफ्ते में फिल्म का नेट इंडिया कलेक्शन 38.82 करोड़ रुपये हो गया है। बता दें कि उरी־द सर्जिकल स्ट्राइक जैसी धमाकेदार हिट पफिल्म भी आदित्य धर के प्रोडक्शन में ही बनी थी।




## जॉली एलएलबी-3 में साथ दिखाई देंगे अक्षय और अरशद वारसी



वेलकम टू जंगल' और 'बड़े मियां छोटे मियां' के बाद अक्षय कुमार एक और फिल्म से धमाका करने को तैयार हैं। उनकी आने वाली फिल्म 'जॉली एलएलबी-3' है। जिसमें वह धमाल करने को तैयार हैं। फिल्म में उनके साथ अरशद वारसी भी हैं। जॉली एलएलबी-3 के अलावा फिल्म 'वेलकम टू जंगल' में भी अरशद अक्षय संग स्क्रीन स्पेश शेयर करने वाले हैं। इस फिल्म का निर्देशन डायरेक्टर सुभाष कपूर करने वाले हैं। इन्हीं सब के बीच शूटिंग और रिलीज डेट की जानकारी भी सामने आ गई है। ये फिल्म 3 मई 2024 में फ्लोर पर जाने के लिए पूरी तरह तैयार है। सूत्र के मुताबिक फिल्म में अक्षय और अरशद वारसी दोनों साथ नजर आएंगे। बता दें कि फिल्म के पहले भाग में अरशद वारसी थे और जॉली एलएलबी 2 में अक्षय कुमार नजर आए थे। अब तीसरे भाग में दोनों ने हाथ मिलाया है। दोनों स्टार्स ने जॉली एलएलबी 3 के लिए मई से अपनी तारीखें बुक कर दी हैं। दोनों साथ में काम शुरू करने के लिए एक्साइटेड भी हैं। रिपोर्ट में बताया गया है कि वेलकम टू द जंगल का शेड्यूल पूरा हो चुका है, टीम 9 मार्च से दूसरे प्रोजेक्ट में एकजुट होगी। इसके बाद अक्षय और अरशद की जोड़ी जॉली एलएलबी 3 साथ आएएंगे। रिपोर्ट में बताया गया है कि आने वाली ये इस फिल्म की कहानी बाकि दोनों पार्ट से एकदम अलग होगी। इसके साथ ही यह काफी बड़ी और ज्यादा मजेदार होगी है। फिल्म की शूटिंग मुंबई और राजस्थान पर की जाएगी।

## फिल्म लापता लेडीज ने दूसरे दिन लगाई ऊंची छलांग




फिल्म लापता लेडीज की कमाई दूसरे दिन 2.35 करोड़ से ऊपर पहुंच गई है। सुपरस्टार आमिर खान के प्रोडक्शन हाउस में बनी 'लापता लेडीज' शुक्रवार 1 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस मूवी को क्रिटिक्स से अच्छे रिव्यूज मिले हैं। 'लापता लेडीज' ने बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे दिन इसके कलेक्शन में जबरदस्त उछाल आया है। जबकि 'लापता लेडीज' के साथ रिलीज हुई वरुण तेज की फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' भी खूब कमाई कर रही है। बता दें ?कि लापता लेडीज' को दर्शकों से खूब प्यार मिल रहा है। फिल्म की खूब तारीफ हो रही है। ओपन डे पर 'लापता लेडीज' ने भारत में 75 लाख रुपये का बिजनेस किया था। वहीं, दूसरे दिन फिल्म की कमाई में 100 फीसदी से ज्यादा उछाल देखने को मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक, 'लापता लेडीज' ने शनिवार को भारत में 1.60 करोड़ का बिजनेस किया है। हालांकि, ये शुरुआती कमाई है। ऑफिशियल डेटा आने के बाद कलेक्शन के आंकड़े में थोड़ा-बहुत बदलाव हो सकता है। भारत में 'लापता लेडीज' की दो दिन की कमाई 2.35 करोड़ हो चुकी है। इधर साउथ स्टार वरुण तेज की एक्शन थ्रिलर फिल्म 'ऑपरेशन वैलेंटाइन' के दूसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। पहले दिन इस फिल्म ने 1.5 करोड़ की कमाई की थी। वहीं, सैकनिल्क के अनुसार, वरुण तेज की फिल्म ने दूसरे दिन यानी शनिवार को देशभर में 2.25 करोड़ की कमाई कर ली है। इस तरह फिल्म दो दिन में 3.75 करोड़ का कलेक्शन कर चुकी है। गौरतलब है कि किरण राव ने फिल्म 'लापता लेडीज' का निर्देशन किया है। इस कॉमेडी-ड्रामा फिल्म में ग्रामीण इलाके की कहानी है।



## श्वेता ने एथनिक लुक की एक झलक की शेयर

अपने फैंस के लिए एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने एथनिक लुक की एक झलक शेयर की। कसौटी जिंदगी की फेम एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर एक्टिव रहती हैं। श्वेता अक्सर अपनी प्रोफेशनल और निजी लाइफ के बारे में चीजें शेयर करती रहती हैं। इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 52 लाख फॉलोअर्स हैं। नए फोटोशूट में श्वेता ने गुलाबी रंग का अनारकली सेट पहना हुआ है, जिसमें वह बेहद सूबसूरत लग रही हैं। भारी सुनहरे कढ़ाई वाले सूट पर मैचिंग दुपट्टा और भी खिल रहा है। मेकअप में वह पूरी तरह से आकर्षक लग रही हैं। ज्वैलरी के लिए उन्होंने भारी झुमके ही चुने। एक प्रशंसक ने पोस्ट पर कहा, आपकी सुंदरता की कोई हद नहीं है। दूसरे ने कहा, दिन-ब-दिन जवान होती जा रही हैं। श्वेता को पंजाबी फिल्म मित्रां दा ना चलदा में देखा गया था।

रोहित शेट्टी और सुशांत प्रकाश द्वारा निर्देशित एक्शन थ्रिलर सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में वह विक्रम (विवेक ओबेरॉय) की पत्नी श्रुति बख्शी की भूमिका में हैं। इस सीरीज में सिद्धार्थ मल्होत्रा, शिल्पा शेट्टी कुंद्रा और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में हैं। हाल ही में वेब सीरीज इंडियन पुलिस फोर्स में नजर आने वाली एक्ट्रेस श्वेता तिवारी ने अपने प्रशंसकों के लिए फोटोशूट करवाया है।



# अर्थव्यवस्था की दोगुनी रफ्तार
# डबल इंजन की सरकार



उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार ने प्रधानमंत्री जनधन योजना, पीएम स्वनिधि योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना जैसी योजनाओं का लाभ बड़े पैमाने पर लोगों को दिलाते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। टैक्सपेयर्स के लिए नियमों एवं प्रक्रियाओं को सरल किया गया है। बैंकों एवं अन्य वित्तीय संस्थाओं को सकारात्मक माहौल मिला है, जिससे उनकी सेवाओं में भी अभूतपूर्व विस्तार देखने को मिल रहा है। बेहतर प्रबंधन एवं राजकोषीय अनुशासन से प्रदेश की आय में वृद्धि हुई है, राज्य रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में उभरा है। पिछले 7 वर्ष में राज्य की जीडीपी और प्रति व्यक्ति आय दोगुनी हुई है। प्रदेश में 'ईज़ ऑफ डूइंग बिजनेस' एवं 'ईज़ ऑफ लिविंग' पर समान रूप से बल दिया गया है।

**यूपी रेवेन्यू सरप्लस स्टेट के रूप में स्थापित**

**आईटीआर भरने वालों में दूसरा स्थान**

| वर्ष 2014 | वर्ष 2023 |
|---|---|
| 1.65 लाख | 12 लाख |

**एस.जी.एस.टी./ वैट में लगाई ऊंची छलांग**

वर्ष 2016-17 में **₹51,883 करोड़**

2022-23 में **₹1.25 लाख करोड़**

### बैंकों द्वारा ऋण वितरण

| वर्ष 2016-17 में | वर्ष 2022-23 | वर्ष 2023-24 (दिसंबर तक) |
|---|---|---|
| ₹1,37,452 करोड़ | ₹3,00,430 करोड़ | ₹2,98,551 करोड़ |

### प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 में ऋण वितरण (विभिन्न श्रेणियों में)

| शिशु | किशोर | तरुण |
|---|---|---|
| ₹16,291 करोड़ | ₹18,741 करोड़ | ₹12,396 करोड़ |

### बैंकिंग व्यवसाय

वर्ष 2016-17 ₹12.80 लाख करोड़

वर्ष 2023-24 ₹26.80 लाख करोड़

**बैंकों/अन्य वित्तीय संस्थाओं से फंड जुटाने में अग्रणी**

2013-14 में **1.1% हिस्सेदारी**

2022-23 में **16.2% हिस्सेदारी**

- ₹36,000 करोड़ रुपये से 86 लाख किसानों का ऋण मोचन
- वर्ष 2023-24 में 59% सीडी रेशियो प्राप्त, वर्ष 2024-25 के लिए 65% का लक्ष्य निर्धारित
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 4.59 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 5.54 करोड़ कुल नामांकन
- वर्ष 2017 से अब तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत 1.67 करोड़ नए लाभार्थी जुड़े, 1.90 करोड़ कुल नामांकन
- 2.28 लाख बैंक मित्र एवं बीसी सखी कार्यरत
- त्वरित आर्थिक विकास योजना हेतु ₹2,400 करोड़ की व्यवस्था
- 19,705 बैंक शाखाओं का संचालन, 17,852 से अधिक एटीएम संचालित
- ग्राम पंचायतों में 1.80 लाख से अधिक जन सेवा केंद्र संचालित
- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹8,787 करोड़ से अधिक का अल्पकालिक ऋण वितरण




**यूपी ₹1,174.32 करोड़ के डिजिटल लेन-देन के साथ देश का अग्रणी राज्य**

**पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत ₹2,412 करोड़ वितरित, देश में सर्वाधिक**

**प्रधानमंत्री जन-धन योजना के अंतर्गत 9 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले गए**

**देश में सर्वाधिक व्यापारी जीएसटी में पंजीकृत**

- सहकारी बैंकों द्वारा वर्ष 2023-24 में अब तक ₹257 करोड़ से अधिक का दीर्घकालिक ऋण वितरित
- सहकारी बैंकों द्वारा किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराने के लिए ₹525 करोड़ की व्यवस्था
- वर्ष 2023 के प्रथम 6 माह में वार्षिक ऋण वितरण योजना के तहत बैंकों के माध्यम से ₹2.06 लाख करोड़ का ऋण वितरित
- मुख्यमंत्री दुर्घटना बीमा योजना में मृत्यु/दिव्यांगता पर अधिकतम ₹10 लाख की सहायता
- मुख्यमंत्री सूक्ष्म उद्यमी दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत अधिकतम ₹5 लाख की सहायता
- 4.18 लाख से अधिक पशुपालकों को क्रेडिट कार्ड वितरित
- अटल पेंशन योजना के अंतर्गत 1.18 करोड़ नामांकन
- ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अंतर्गत एक निजी बैंक द्वारा 150 वनटांगिया ग्रामों को अपनाते हुए 75 स्मार्ट क्लास सहित अन्य विकास कार्य






**नये यूपी की पहचान - सुरक्षा, समृद्धि एवं सुशासन**